# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 153 | सीकर, रविवार 02 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## कैंसर का डर नहीं, एक छोटी -सी जांच, जिंदगी भर का सुकून, आज झुंझुनूं पहुंचेगी संजीवनी बस

### आज लगेगा निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर, बिना शुल्क होंगी कई महत्वपूर्ण जांचें

**संजय सोनी**



**झुंझुनूं (नवयत्न)।** कैंसर का नाम सुनते ही अक्सर लोगों के मन में डर बैठ जाता है, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि अब कैंसर लाइलाज नहीं रहा। सबसे जरूरी है समय पर जांच। कई बार केवल एक साधारण जांच आपको यह सुकून दे सकती है कि सब कुछ सामान्य है, और यदि कोई शुरुआती संकेत मिलता है तो समय रहते इलाज शुरू कर जीवन बचाया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब यह सुविधा लोगों के पास खुद चलकर आ रही है और पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध होगी। महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर और नारायण सेवा संस्थान झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 2 अगस्त को मोदी रोड स्थित बाबा गंगाराम अतिथि भवन में निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में आधुनिक सुविधाओं से लैस कैंसर सुरक्षा संजीवनी बस भी पहुंचेगी, जिसमें विभिन्न प्रकार के कैंसर की प्रारंभिक जांच की जाएगी। महात्मा गांधी अस्पताल के वरिष्ठ कैंसर सर्जन प्रो. डॉ. नितिन खूंटेटा ने बताया कि कैंसर से सबसे प्रभावी लड़ाई उसकी समय पर पहचान है। उनका कहना है कि यदि बीमारी शुरुआती अवस्था में पकड़ में आ जाए तो कई प्रकार के कैंसर का 90 प्रतिशत तक सफल इलाज संभव है। लेकिन अधिकांश मरीज देर से जांच कराते हैं, जिससे उपचार कठिन हो जाता है। डॉ. खूंटेटा ने लोगों से अपील की कि कैंसर के डर से जांच कराने से बचने की बजाय समय रहते स्क्रीनिंग करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक छोटी-सी जांच आपको मानसिक सुकून दे सकती है, और यदि कोई खतरा हो तो समय रहते सतर्क भी कर सकती है। यही सतर्कता भविष्य में जीवन बचाने का कारण बन सकती है। नारायण सेवा संस्थान के शिविर संयोजक संजीव मोदी ने बताया कि अधिक से अधिक लोग इस जनहितकारी शिविर का लाभ उठा सकें, इसके लिए जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं महात्मा गांधी अस्पताल के मार्केटिंग एवं जनसंपर्क निदेशक वीरेन्द्र पारीक ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से तैयार की गई कैंसर सुरक्षा संजीवनी बस का उद्देश्य लोगों तक घर-घर के करीब कैंसर जांच की सुविधा पहुंचाना है, ताकि आर्थिक या दूरी जैसी वजह से कोई व्यक्ति जांच से वंचित न रहे।

### नवयत्न कोबरी-सार




# कॉमनवेल्थ में भारत को पहली बार बॉक्सिंग में 5 गोल्ड

## प्रीति, जैस्मिन, साक्षी, प्रिया और अरुंधति चैंपियन बनीं; अब तक 34 मेडल
















**ग्लासगो.**

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय मुक्केबाजों ने इतिहास रच दिया है। भारत ने पहली बार एक ही गेम्स में 5 बॉक्सिंग गोल्ड जीत लिए। शनिवार को प्रीति पवार, जैस्मिन लांबोरिया, साक्षी चौधरी, प्रिया घंघास और अरुंधति चौधरी चैंपियन बनीं। पैरा एथलेटिक्स में सोमन राणा ने भी गोल्ड जीता। मेडल टैली में भारत 11 गोल्ड, 15 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज सहित कुल 34 मेडल हो गए और टीम चौथे स्थान में पहुंच गई है।

### अरुंधति चौधरी को भी गोल्ड मेडल

अरुंधति चौधरी ने 60किलो में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने यूनानिमस डिसीजन 5-0 से जीत हासिल की। अंतिम राउंड के शुरुआती 30 सेकेंड में रेफरी ने दोनों मुक्केबाजों को खेल की रफ्तार बढ़ाने के लिए कहा। अरुंधति की प्रतिद्वंद्वी रीड को मुकाबले में वापसी के लिए आक्रामक होना था, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया।

### स्प्लिट डिसीजन में जीतीं प्रिया घंघास

महिलाओं के 60किलो फाइनल मुकाबले में भारत की प्रिया घंघास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कड़े मुकाबले में उन्होंने स्प्लिट डिसीजन (4-1) से जीत हासिल की।

प्रिया ने मुकाबले की तेज शुरुआत की, लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी अल-अहमदियेह ने भी कुछ सटीक पंच लगाकर जोरदार जवाब दिया। फाइनल राउंड में दोनों मुक्केबाजों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। प्रिया थकी हुई नजर आ रही थीं, लेकिन उन्होंने लगातार आक्रामक रुख बनाए रखा और दमदार पंच लगाती रहीं।

### साक्षी ने इंग्लैंड की खिलाड़ी को 5-0 से हराया

महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारत की साक्षी चौधरी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और यूनानिमस डिसीजन 5-0 से जीत हासिल की। साक्षी ने मुकाबले के दौरान बेहतरीन रणनीति अपनाई। उन्होंने बाएं हाथ से प्रतिद्वंद्वी के पंचों को रोका और दाएं हाथ से लगातार सटीक जवाबी हमले किए। उनके कई पंच सीधे प्रतिद्वंद्वी के चेहरे पर लगे, जिससे मुकाबले में उनकी पकड़ मजबूत होती गई।

### उन्नति शर्मा ने जूडो में जीता ब्रॉन्ज मेडल

महिलाओं के 63 किलोग्राम वर्ग में भारत की उन्नति शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका की स्काई नोस्टर को हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। उन्नति ने मुकाबला महज 1 मिनट 7 सेकेंड में इप्पोन के जरिए जीत लिया। मुकाबले की शुरुआत से ही उन्नति आक्रामक नजर आईं। उन्होंने सही मौके का फायदा उठाते हुए प्रतिद्वंद्वी का संतुलन बिगाड़ा और उन्हें पीठ के बल गिरा दिया। इस शानदार मूव पर उन्हें इप्पोन मिला, जो जूडो में एक ही दांव पर मिलने वाला सर्वोच्च स्कोर होता है। उन्नति ने पूरे मुकाबले में कोई शिडो या युको नहीं गंवाया और एक ही निर्णायक दांव के दम पर जीत हासिल कर ली। जीत के साथ ही उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए एक और पदक सुनिश्चित किया।

# दिनदहाड़े बाजार में ससुराल वालों ने किया दामाद पर हमला

## कारगिल शहीद के बेटे ने ससुराल पक्ष पर लगाया जानलेवा हमले

### अपहरण के प्रयास और 3 लाख और चेन लूटने का आरोप, वीडियो वायरल

**मधु दहिया**

**बुहाना (नवयत्न)।** उपखंड के पचेरी कलां कस्बे के बीच बाजार में शनिवार को दिनदहाड़े कारगिल शहीद राजकुमार के बेटे आशिष पर कथित जानलेवा हमला होने से हड़कंप मच गया।

घायल युवक ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडों से मारपीट, करीब तीन लाख रुपए और सोने की चेन लूटने तथा जबरन गाड़ी में डालकर अपहरण करने की कोशिश का आरोप लगाया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित आशीष ने बताया कि वह अपने चाचा प्रताप के साथ नारनौल स्थित पेट्रोल पंप से बिक्री के करीब तीन लाख रुपए लेकर पचेरी लौट रहा था। बाजार में चाचा बाइक लेने के लिए अलग चले गए। इसी दौरान कार में सवार होकर पहुंचे ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आशीष का आरोप है कि उसकी सास सुमन, साला संजीव, बुआ सास शर्मिला, फूफा पिंटू उर्फ विक्रम, रतन सिंह धोलिया सहित अन्य लोगों ने मारपीट की। हमलावर उसके गले से सोने की चेन और बिक्री के करीब तीन लाख रुपए छीनकर उसे जबरन कार में डालने का प्रयास करने लगे। मौके पर लोगों की भीड़ जुटने पर आरोपी फरार हो गए। घायल आशीष को पहले पचेरी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### दुकानों के विवाद को बताया वजह

**आशीष के अनुसार पचेरी में स्थित कुछ दुकानों को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। उसका कहना है कि आधी दुकानें उसके चाचा प्रताप और आधी उसके दिवंगत ससुर महावीर के नाम हैं। आरोप है कि ससुराल पक्ष सभी दुकानों पर कब्जा करना चाहता है। उसने यह भी दावा किया कि पिछले वर्ष उसके ससुर ने भी उसके साथ मारपीट की थी।**



**दो बार पुलिस को फोन करने का दावा**-पीड़ित का आरोप है कि घटना के दौरान उसने दो बार पुलिस को फोन किया, लेकिन पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। बीच बाजार में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और अधिक चर्चा में आ गया।

**पुलिस बोली-जांच जारी**-पचेरी थानाधिकारी लक्ष्मीनारायाण ने बताया की दोनों परिवार में विवाद हैं। वीडियो और दोनों पक्षों द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। जांच के बाद तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अन्नपूर्णा रसोई पर पांच दिन से ताला, भुगतान अटकने से जरूरतमंदों के सामने भोजन का संकट



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के ग्राम पंचायत नानूवाली बावड़ी स्थित अन्नपूर्णा रसोई पिछले पांच दिनों से बंद पड़ी है। रसोई पर ताला लगने से प्रतिदिन यहां भोजन करने वाले मजदूरों, जरूरतमंदों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड पर मजदूरी करने वाले कई श्रमिक इसी रसोई पर निर्भर थे लेकिन रसोई बंद होने से अब उन्हें भोजन के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता संजय सैनी ने बताया कि रसोई का पिछले पांच से छह महीने का भुगतान लंबित है। समय पर भुगतान नहीं मिलने के कारण संचालक और कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि कर्मचारी कब तक अपनी जेब से खर्च कर जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराते रहेंगे। लगातार भुगतान नहीं मिलने के कारण अंततः रसोई का संचालन बंद करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह समस्या नई नहीं है। पिछले दो-तीन वर्षों से भी भुगतान में लगातार देरी होती रही है, जिससे संचालकों और कर्मचारियों को बार-बार आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं निकल सका।

# आज से ही चुनाव घोषित मानकर जुट जाएं कार्यकर्ता, कांग्रेस का लक्ष्य हर निकाय में बोर्ड बनाना : रीटा चौधरी

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक, चुनाव की तैयार और संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**सुरेन्द्र शर्मा**

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव की औपचारिक घोषणा से पहले ही कांग्रेस ने जिले में चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिलाअध्यक्ष रीटा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे चुनाव घोषित मानकर अभी से बूथ स्तर तक सक्रिय हो जाएं और संगठन को मजबूत करने में जुट जाएं। रीटा चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य जिला परिषद, पंचायत समिति, नगर परिषद और नगरपालिकाओं में कांग्रेस समर्थित बोर्ड बनाना है। इसके लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि टिकट किसी भी कार्यकर्ता को मिले, सभी को संगठन के अधिकृत प्रत्याशी के साथ पूरी मजबूती से खड़ा होना होगा। व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर पार्टी की जीत को प्राथमिकता देने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों की जानकारी देते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाए रखने और जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने की रणनीति पर चर्चा हुई। रीटा चौधरी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और आमजन महंगाई से परेशान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन सभी मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी और सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी जमीनी सर्वे के आधार पर मजबूत और जीताऊ उ मीदवारों का चयन करेगी। इसलिए कार्यकर्ता जनता के बीच लगातार सक्रिय रहें। ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष संतोष सैनी ने कहा कि संगठन का हित सर्वोपरि है और बूथ स्तर पर किया गया कार्य ही कार्यकर्ता की असली पहचान बनेगा। बैठक में भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी, नीट पेपर लीक और जनविरोधी नीतियों को लेकर निशाना साधा गया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने और कांग्रेस की नीतियों का प्रचार करने का आह्वान किया।




### इन्होंने भी किया संबोधित

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को संगठन महासचिव सुनील झाझड़िया, कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष शकुंतला यादव, निवर्तमान जिला परिषद सदस्य डॉ. विनीता रणवा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील झाझड़िया, पूर्व जिला अध्यक्ष सज्जन मिश्रा, कांग्रेस सेवा दल जिला प्रभारी डॉ. शीशराम गुर्जर, पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लोकेश जांगिड़, गिड़ानिया ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह महला, मंडावा नगर पालिका के निवर्तमान चेयरमैन नरेश सोनी सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने कहा कि पार्टी जो भी निर्णय करेगी, सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से उसी दिशा में काम करेंगे।

### ये भी रहे मौजूद

पीसीसी सदस्य सलीम खां सिगड़ी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रदेश महासचिव राजकुमार राठी, चिड़ावा उप प्रधान विपिन नूनिया,झुंझुनू ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली, चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष संजय सैनी, पिलानी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद काजला, खेतड़ी प्रथम ब्लॉक अध्यक्ष बलराम गुर्जर, खेतड़ी द्वितीय ब्लॉक अध्यक्ष रामावतार सैनी, उदयपुरवाटी ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी, मंडावा ब्लॉक अध्यक्ष किरोड़ीमल पायल, अलसीसर ब्लॉक अध्यक्ष यज्ञपाल सिंह, ओबीसी कांग्रेस उदयपुरवाटी ब्लॉक अध्यक्ष रामकरण सैनी, सज्जन लाल मिश्रा सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## शोक-सन्देश



हमारी पूजनिया प्रेम देवी का स्वर्गवास दिनांक 30-7-2026 को हो गया जिनके सात दिवसीय बैठक उनके पैतृक गांव गोदा का बास में रखी गई है।

**श्रद्धावनतः-**

विनोद कुमार (पति) सेवानिवृत अध्यापक पीबी स्कूल,
विनित कुमार (आर.पी.) पुनित (अध्यापक) पुत्र,
सुमन (अध्यापिका), कमलेश पुत्रवधू,
देवांशी, शिवांसी (पौत्री) पार्थ (पौत्र)

# सावन का पहला सोमवार कल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान महादेव की उपासना का पावन श्रावण मास प्रारंभ हो चुका है। इस बार सावन का प्रथम सोमवार 3 अगस्त को आ रहा है, जो बेहद खास और फलदायी माना जा रहा है। इस दिन सोमवार के साथ नागपंचमी का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस विशेष महासंयोग पर राजधानी जयपुर के सभी प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सावन के पहले सोमवार को लेकर शिवभक्तों में भारी उत्साह है। शहर के मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के लिए अग्रिम बुकिंग पूरी हो चुकी है। तड़के से ही शिवालयों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजेंगे। दिनभर रुद्रपाठ, भजन-कीर्तन, सहस्त्रधाराभिषेक और कांवड़ियों द्वारा लाए गए पवित्र जल से जलाभिषेक का क्रम चलेगा।

### कालसर्प और ग्रह दोषों से मुक्ति का अवसर

ज्योतिषाचार्य डॉ महेन्द्र मिश्रा के अनुसार सावन सोमवार और नागपंचमी का एक साथ होना अत्यंत दुर्लभ है। सोमवार महादेव को प्रिय है और नाग देवता उनके गले की शोभा हैं। शास्त्रों में इसे अक्षय एवं संजीवनी महायोग कहा गया है। डॉ मिश्रा ने बताया कि जिन जातकों की कुंडली में कालसर्प दोष, मांगलिक दोष या राहु-केतु की अशुभ दशा चल रही हो, वे इस दिन शिवलिंग पर जल, दूध व पंचामृत चढ़ाएं। साथ ही बेलपत्र, धतूरा, भांग और चांदी के नाग-नागिन का जोड़ा अर्पित कर महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें। इससे ग्रह दोषों की शांति होती है और अक्षय पुण्यफल प्राप्त होता है। समुद्र मंथन से निकले हलाहल विष को जब भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण किया, तो विष की तीव्र जलन को शांत करने के लिए देवताओं ने उनका जल, दूध, दही, घी और शहद से अभिषेक किया था। तभी से सावन में जलाभिषेक की परंपरा है। मान्यता यह भी है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए सावन माह में ही कठोर तपस्या की थी। सावन मास के चारों सोमवार शिव भक्ति के लिए विशेष फलदायी रहेंगे। पहला सोमवार 3 अगस्त को नागपंचमी के दुर्लभ महायोग के साथ शुरू होगा। इसके बाद दूसरा सोमवार 10 अगस्त को, तीसरा सोमवार 17 अगस्त को तथा चौथा एवं अंतिम सावन सोमवार 24 अगस्त को आएगा। इन तिथियों पर श्रद्धालु व्रत, अभिषेक, रुद्रपाठ और विशेष पूजा-अर्चना करेंगे। पूरे सावन मास में शिवालयों में धार्मिक आयोजनों और कांवड़ यात्राओं का दौर निरंतर जारी रहेगा।

# गोविंद देवजी मंदिर में आज होगा निःशुल्क पुंसवन संस्कार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित आराध्य देव श्री गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को गर्भस्थ शिशु के सर्वांगीण विकास और कल्याण के उद्देश्य से निःशुल्क पुंसवन संस्कार का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक व वैदिक अनुष्ठान प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगा। इस विशेष आयोजन में 3 से 5 माह की गर्भवती महिलाएं भाग ले सकती हैं। संस्कार कराने के लिए गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वान आचार्यों की टोली उपस्थित रहेगी, जो पूर्ण वैदिक रीति-रिवाज से अनुष्ठान संपन्न कराएगी। मंदिर प्रशासन द्वारा पुंसवन संस्कार से जुड़ी सभी पूजन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। भाग लेने वाली गर्भवती महिलाओं को केवल देसी गाय के दूध से बनी एक कटोरी खीर अपने साथ लानी होगी। पुंसवन संस्कार के उपरांत प्रातः 8 बजे से पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा। इस दौरान शिशु में श्रेष्ठ संस्कार व सद्गुणों के बीजारोपण की भावना के साथ खीर की विशेष आहुतियां दी जाएगी। इस महायज्ञ में सामान्य श्रद्धालु भी हिस्सा ले सकेंगे। पुंसवन संस्कार भारतीय वैदिक परंपरा के 16 प्रमुख संस्कारों में से एक है। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भस्थ शिशु के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए सकारात्मक ऊर्जा व वातावरण का निर्माण करना है। वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ और शुभ संकल्पों के जरिए गर्भवती माता के मन, विचार, आहार और जीवन शैली को सात्विक बनाने की प्रेरणा दी जाती है ताकि आने वाली पीढ़ी गुणी, स्वस्थ और संस्कारी बने।

# बेटियों की शादी के लिए रखे लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** नगरपालिका क्षेत्र लोसल के वार्ड 8 में एक बंद मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घर में रखे लाखों रुपए के सोने के जेवरात और नकदी रूपए पर हाथ साफ कर दिया। परिवार ने सालों से बेटियों की शादी के लिए एक-एक रूपए मेहनत कर जोड़े थे लेकिन चोरी की वारदात होने से परिवार के अरमानों पर पानी फेर दिया है। पीड़ित रतनलाल सांसी ने लोसल पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है रिपोर्ट में बताया कि वह परिवार सहित दिल्ली में रहता है। वह 12 जुलाई को अपने घर आए थे उस समय पर घर में आलमारी के लाकर में दिल्ली से खरीदकर लाए गए जेवरात और नकदी रूपए रखकर गए थे। यहां पर कोई नहीं रहता है इसके बाद से घर पर ताले लगे हुए थे। इसके बाद जब दिल्ली से लौटकर 31 जुलाई को घर पहुंचा तो वहां पर देखा कि घर के बाहर और अंदर ताले टूटे हुए थे और अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। आलमारी को संभालने पर सामने आया कि उसमें लड़कियों की शादी के लिए खरीदे गए 32 तोला सोने के जेवरात, 15 तोला चांदी और 12 लाख 85 हजार रुपए नकद गायब मिले। घर में शादी के लिए जेवरात और नकदी रूपए रखे हुए थे। नवम्बर ग्यारह तारीख को दो लड़कियों की शादी भी तय कर रखी है। सूना मकान देखकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। घर पर कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा हुआ है । बड़ी बात तो यह है कि 12 जुलाई को घर पर सोने के जेवरात सहित लाखों रुपए रखे गए थे और जब 31 जुलाई को घर वापस लोटे तो गायब मिले।

# चंदेलिया राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव मनोनित



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विजय चंदेलिया को जिला सचिव मनोनित किया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के अनुमोदन पर जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विजय चंदेलिया को जिला सचिव बनाया है। चंदेलिया के जिला सचिव मनोनित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों में खुशी का माहौल बना हुआ है। इस दौरान समर्थकों ने कस्बे में मिठाई बांटकर खुशियां मनाई।

# कैटरिंग उद्योग सम्मेलन कैटरकॉन इंडिया का शुभारंभ

निसं





**जयपुर ( नवयत्न )।** देश के कैटरिंग एवं हॉस्पिटैलिटी उद्योग का सबसे बड़ा राष्ट्रीय आयोजन 6वां एफएआईसी राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रदर्शनी - कैटरकॉन इंडिया 2026 का शुभारंभ शनिवार को जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में भव्य रूप से हुआ। फेडरेशन ऑफऑल इंडिया कैटरर्स एवं जयपुर कैटरिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन 1 से 3 अगस्त का राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर देशभर से आए कैटरिंग एवं हॉस्पिटैलिटी उद्योग से जुड़े उद्यमी, प्रदर्शक, निर्माता, सप्लायर्स, सेवा प्रदाता, विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि एवं हजारों प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के साथ ही भारत के कैटरिंग एवं फूड सर्विस उद्योग के सबसे बड़े समर्पित सम्मेलन की शुरुआत हुई, जिसमें 3 हजार से अधिक पंजीकृत प्रतिनिधि, 500 से अधिक प्रदर्शक तथा हजारों व्यापारिक आगंतुक एक ही मंच पर एकत्र हुए। सम्मेलन का उद्देश्य नवाचार, उद्यमिता, खाद्य सुरक्षा, आधुनिक तकनीक, कौशल विकास एवं व्यापारिक सहयोग को नई दिशा प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण 1000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावित निवेश वाले विभिन्न समझौता ज्ञापनों की घोषणा एवं आदान-प्रदान रहा। ये निवेश भारतीय कैटरिंग, हॉस्पिटैलिटी एवं फूड सर्विस उद्योग में आधारभूत संरचना के विकास, आधुनिक कमर्शियल किचन, फूड प्रोसेसिंग, तकनीकी उन्नयन, कौशल विकास तथा नए व्यावसायिक अवसरों को गति प्रदान करेंगे। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि कैटरिंग एवं हॉस्पिटैलिटी उद्योग रोजगार सृजन, उद्यमिता, पर्यटन और प्रदेश एवं देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने भारतीय कैटरिंग उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नवाचार, कौशल विकास, खाद्य सुरक्षा तथा गुणवत्ता मानकों को अपनाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर एफएआईसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र सोमानी ने कहा 6वां एफएआईसी राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रदर्शनी 2026 हमारे संगठन की विकास यात्रा का एक और ऐतिहासिक पड़ाव है और भारतीय कैटरिंग एवं हॉस्पिटैलिटी उद्योग में निवेशकों और उद्योग जगत का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। एफएआईसी के मानद वरिष्ठ महासचिव किरीट बुधदेव ने कहा एफएआईसी राष्ट्रीय अधिवेशन का छठा संस्करण भारतीय कैटरिंग समुदाय की निरंतर प्रगति और एकजुटता का प्रतीक है। प्रत्येक संस्करण के साथ हमारा उद्देश्य देशभर के कैटरिंग प्रोफेशनल्स, उद्यमियों, निर्माताओं, सप्लायर्स और हॉस्पिटैलिटी विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाकर उद्योग के समग्र विकास को नई दिशा देना रहा है। एफएआईसी के उपाध्यक्ष सुनील सोनखिया ने आगे कहा कैटरकॉन इंडिया 2026 के दौरान घोषित निवेश प्रस्ताव भारतीय कैटरिंग एवं हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य में उद्योग जगत के विश्वास को दर्शाते हैं। जयपुर में आयोजित यह अब तक का हमारा सबसे बड़ा राष्ट्रीय अधिवेशन है, जिसमें विश्वस्तरीय ज्ञानवर्धक सत्र, तकनीकी कार्यशालाएं, बिजनेस नेटवर्किंग, निवेश सहयोग और प्रतिष्ठित एफएआईसी अवॉर्ड्स 2026 जैसे अनेक महत्वपूर्ण आयाम शामिल हैं। हमें विश्वास है कि यह सम्मेलन प्रत्येक प्रतिनिधि के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा और भारतीय कैटरिंग उद्योग के भविष्य को नई दिशा देगा।

# पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** नगरपालिका चुनाव की तैयारियों को लेकर खेतड़ी स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से वार्ड स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि अबकी बार भी खेतड़ी में कांग्रेस का ही नगरपालिका अध्यक्ष बनेगा। उन्होंने निवर्तमान कार्यकाल को लेकर कहा कि पिछली बार कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था लेकिन उसने कोई काम नहीं किया। टिकट वितरण को लेकर चल रही अटकलों पर डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा अबकी बार टिकट वहीं बांटेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हुई है। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों को पहुंचाना होगा और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना होगा। बैठक में विधानसभा प्रभारी प्रवीण जाखड़ ने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक वार्ड में जाकर लोगों से संवाद करने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष रामावतार सैनी, हजारीलाल सैनी, महावीर प्रसाद तोगड़िया, निकेश पारीक, विनोद शर्मा, चंदगीराम सैनी, अनूप पटेल, प्रेम चंदेला, सतवीर मेहरानिया, इंद्राज सैनी, सुरेश शाह, शाहरुख खान, लक्ष्मण सैनी, संजय सैनी, बाबूलाल नायक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने किया जेजेएस की थीम पोस्टर का अनावरण



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर ज्वैलरी शो 2026 के आधिकारिक थीम पोस्टर का अनावरण एवं विमोचन किया। इसके साथ ही देश के अग्रणी रत्न एवं आभूषण प्रदर्शनी जेजेएस 2026 का औपचारिक शुभारम्भ हो गया। इस वर्ष जेजेएस 2026 की थीम कलर्ड जेमस्टोन्स - एन इनडिस्पेंसेबल पार्ट ऑफ जयपुर हेरिटेज रखी गई है, जो रंगीन रत्नों के क्षेत्र में जयपुर की सदियों पुरानी परम्परा तथा वैश्विक पहचान को समर्पित है। थीम पोस्टर का अनावरण जेजेएस के अध्यक्ष राजीव जैन, दिनेश खटोरिया, कमल कोठारी एवं महावीर पी. शर्मा की उपस्थिति में हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को जेजेएस 2026 की तैयारियों की जानकारी भी दी। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 22 से 25 दिसम्बर 2026 तक नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) जयपुर में आयोजित होने वाले जयपुर ज्वैलरी शो 2026 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का आमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आमंत्रण सहर्ष स्वीकार करते हुए 22 दिसम्बर 2026 को आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति देने की सहमति प्रदान की। इस अवसर पर जेजेएस के अध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जेजेएस 2026 के थीम पोस्टर का अनावरण तथा उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रण स्वीकार करना सम्पूर्ण रत्न एवं आभूषण उद्योग के लिए गौरव का विषय है। इस वर्ष की थीम जयपुर की समृद्ध रंगीन रत्न परम्परा को समर्पित है, जिसने विश्व स्तर पर जयपुर को रत्न कटिंग, शिल्प कौशल एवं व्यापार के प्रमुख केन्द्र के रूप में स्थापित किया है। जयपुर ज्वैलरी शो देश की प्रमुख बी2बी एवं बी2सी रत्न एवं आभूषण प्रदर्शनियों में से एक है जिसमें देश-विदेश के अग्रणी निर्माता, निर्यातक, डिजाइनर, विक्रेता एवं खरीदार भाग लेते हैं। यह आयोजन वैश्विक रत्न एवं आभूषण उद्योग में जयपुर की सशक्त पहचान को निरंतर नई ऊंचाइयां प्रदान कर रहा है।

# आज होगा सामूहिक 251 पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री शिव महापुराण कथा समिति के तत्वावधान में रविवार को 19वें सामूहिक 251 पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक अनुष्ठान सीकर रोड, राजावास स्थित अनंतम सफायर मैरिज गार्डन में आयोजित होगा। देश की खुशहाली, समृद्धि, जन-कल्याण, पर्यावरण संतुलन और उत्तम मानसून की मंगलकामना को समर्पित इस आयोजन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि इस अनुष्ठान में 251 दंपति एक साथ बैठकर भगवान भोलेनाथ के प्रतीक पार्थिव शिवलिंगों का विधि-विधान से पूजन, अर्चन और महारुद्राभिषेक करेंगे। सभी 251 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण पद्मश्री दिवंगत अर्जुन प्रजापति के सुपुत्र एवं प्रसिद्ध मूर्तिकार राजेंद्र प्रजापति द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के अगले दिन सभी पार्थिव शिवलिंगों को वैदिक परंपरा के अनुसार हरिद्वार ले जाकर पवित्र गंगा नदी में विसर्जित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राजू जिंजवाड़ ने बताया कि महारुद्राभिषेक के लिए हरिद्वार से 20 हजार लीटर पवित्र गंगाजल विशेष टैंकर के जरिए मंगवाया गया है। यह निःशुल्क सेवा पिछले कई वर्षों से लक्ष्मीनारायण चौधरी परिवार द्वारा प्रदान की जा रही है। समिति के उपाध्यक्ष चेतन कुमावत के अनुसार वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में रुद्रपाठ और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न होगी। अभिषेक में गंगाजल के अलावा 108 दिव्य औषधियों, पंचामृत, दूध, दही, गन्ने के रस, नारियल पानी और भांग सहित कई पूजन सामग्रियों का उपयोग किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष पंडित सुरेश शास्त्री ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा समिति वर्ष 2008 से हर श्रावण मास में यह सामूहिक आयोजन कर रही है। जयपुर में सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन की शुरुआत का श्रेय इसी समिति को जाता है, जो आज पूरे प्रदेश में अपनी एक विशिष्ट धार्मिक पहचान बना चुका है।

## आज से गूंजेगी नानी बाई रो मायरो की कथा

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सावन मास के पावन अवसर पर मुरलीपुरा स्थित रामेश्वरम धाम कॉलोनी में तीन दिवसीय संगीतमय नानी बाई रो मायरो कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन गौड़ विप्र समाज भवन में 2 से 4 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन से जुड़े ऋषि राणा ने बताया कि कथा के व्यासपीठ से साध्वी नीतू तिवारी प्रतिदिन दोपहर 2 :30 बजे से शाम सवा 6 बजे तक श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक प्रसंगों से भरपूर कथा का रसास्वादन कराएंगी। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कथा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आसपास की कॉलोनियों में कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रण पत्रक बांटे जा रहे हैं और श्रद्धालुओं को सपरिवार कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। कथा के अंतिम दिन 4 अगस्त को पावन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु आहुतियां देकर देश व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

# लाइट मीटर बॉक्स में लगी आग, बड़ा हादसा टला

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा कस्बे के जैन चौक स्थित भाम्भू कॉम्प्लेक्स में शनिवार को अचानक मीटर बॉक्स में आग लग गई। सारी दुकानों के मीटर जलकर राख हो गए। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की सूझबूझ और समय पर किए गए प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय नोखा में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एबीआरएसएम के तत्वाधान में गुरु वंदन कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पश्चिम प्रान्त प्रमुख डॉ. दिग्विजय सिंह ने गुरु-शिष्य परंपरा और गुरु वंदन कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान का दाता ही नहीं होता, बल्कि वह शिष्य का चरित्र निर्माण कर उसे सही मार्ग दिखाने वाला पथ-प्रदर्शक भी होता है। भारतीय दर्शन में गुरु को ईश्वर से भी उच्च स्थान दिया गया है, इसलिए गुरु का आदर केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन का एक अनमोल मूल्य है। इस अवसर पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य डॉ उज्जवल गोस्वामी ने भी अपने विचार साझा किए और भारतीय इतिहास और पौराणिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार एक समर्थ गुरु के मार्गदर्शन से समाज और राष्ट्र को नई दिशा मिली है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रणवीर सिंह ने सभी वक्ताओं एवं उपस्थित जनों ने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सहपाठी समूह का छठा वार्षिक स्नेह मिलन आज

निसं

**डूंडलोद ( नवयत्न )।** कस्बे के सामुदायिक भवन में रामचन्द्र गोयनका स्कूल सहपाठी समूह (1967 - 1974) का छठा वार्षिक स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह रविवार सुबह 11 बजे आयोजित होगा। समारोह में डूंडलोद क्षेत्र में कार्यरत आंगनबाड़ी स्टाफ का सम्मान किया जाएगा। समूह के विष्णुदत्त शर्मा एवं हुसैन खान कायमखानी ने बताया कि कार्यक्रम से पहले रविवार सुबह समूह के सदस्य रातिबन जी आश्रम परिसर में पौधारोपण करेंगे। इसके बाद सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में पुराने सहपाठी एक-दूसरे से मिलेंगे और समाज सेवा से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा करेंगे। समारोह में बड़ी संख्या में समूह के सदस्यों के शामिल होने की संभावना है।

# गोयनका हेरिटेज म्यूजियम हवेली का विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** जीडीसी इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने अर्जुनदास गोयनका हेरिटेज म्यूजियम हवेली का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने हवेली की अद्भुत स्थापत्य कला, ऐतिहासिक महत्व तथा शेखावाटी की समृद्ध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को करीब से जाना। इस अवसर पर हवेली प्रबंधक उमेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को हवेली के इतिहास, शेखावाटी की सांस्कृतिक धरोहर तथा साहित्यिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी। भ्रमण के दौरान विद्यालय के संचालक रवि मिश्रा, प्रधानाचार्य पवन सैनी, ऋषि सिंह, सुनीता, सत्यपाल एवं पप्पू उपस्थित रहे।

# 6 दुकानों में चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा के मुख्य बाजार में 6 दुकानों में हुई नकबजनी का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा किया है। मामले में एक शातिर नकबजन खुमाराम 24 निवासी साधासर, थाना जसरासर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पहले भी सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। और पूछताछ में बीकानेर जिले की लगभग एक दर्जन नकबजनी की वारदातें कबूल चुका है।

### एक ही रात में कई दुकानों के ताले तोड़े

पुलिस ने बताया-वारदात 30 जुलाई की सुबह सामने आई थी। घंटाघर क्षेत्र में मनोज कुमार, महेश कुमार किराना स्टोर सहित कई दुकानों के ताले टूटे मिले। इस दौरान चोर एक दुकान से लगभग डेढ़ लाख रुपए नकद ले गए। जबकि अन्य दुकानों से नकदी, सामान और दान पेटियों में रखी रकम भी चोरी हो गई। वहीं एक दुकान में अंदर का ताला नहीं टूटने के कारण चोरी का प्रयास विफल रहा था। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी, जिसमें आरोपी सरिया लेकर दुकानों के ताले तोड़ते हुए दिखाई दिया था।

### आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार किया

वारदात के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिससे आरोपी की पहचान हो सकी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे गंगापुरा कोलायत क्षेत्र से हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया गया।

### कई अन्य वारदातों का भी हुआ खुलासा

पूछताछ के दौरान, आरोपी ने नोखा की घटना के अलावा नापासर थाना क्षेत्र में चार नकबजनी और मुक्ताप्रसाद थाना क्षेत्र स्थित राजाराम धारणिया एजेंसी में पांच लाख रुपए से अधिक की नकबजनी की वारदातें भी कबूल की हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी से आगे की पूछताछ जारी है और जिले की अन्य वारदातों का खुलासा होने की भी संभावना है।

### दिन में घूमकर करता था रेकी

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी दिन के समय बाइक से बाजारों में घूमकर बंद दुकानों की रेकी करता था। रात में वह अकेले ही मौके पर पहुंचता, सरिए से ताले तोड़ता और नकदी व कीमती सामान लेकर फरार हो जाता था। अपनी पहचान उजागर होने के डर से वह किसी साथी को अपने साथ नहीं रखता था।

### इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका

कार्रवाई में थानाधिकारी गोविंद सिंह चारण, उपनिरीक्षक ताराचंद, हेड कॉन्स्टेबल सतीश मुंड, रामेश्वरलाल धूधवाल, कॉन्स्टेबल तेजाराम तथा गणेश गुर्जर सहित थाना नोखा की विशेष टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


# भगवान महादेव को रिझाया



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** तहसील परिसर स्थित अर्केश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास की पूर्व संध्या श्रावण लागती पूर्णिमा 29 जुलाई 2026 से रक्षाबंधन 28 अगस्त तक 31 दिनों तक अर्केश्वर महादेव परिवार की ओर से मंदिर व्यवस्थापक लालचन्द उपाध्याय के सानिध्य एवं रोड़ा के कठातला परिवार के दो विद्वान पंडितों बलराम कठातला व मधुसूदन द्वारा विधिविधान एवं मंत्रोच्चार के साथ चल रही भगवान महादेव की विशेष श्रावणी पूजा के चौथे दिन शनिवार को अर्केश्वर महादेव परिवार के दिनेशसिंह राजपुरोहित की अगुवाई में भगवान महादेव के सरसों के तेल का रुद्राभिषेक और काले तिल से सहस्रसन किया गया। ?भगवान महादेव के प्रिय पवित्र श्रावण मास में भगवान शंकर को बेलपत्र, धतुरा और आक पुष्पों सहित विभिन्न प्रकार के पुष्पों व विजया दूध, दही, घृत, मधु, अबीर, गुलाल, चन्दन, फल आदि विभिन्न प्रकार के द्रव्यों और वस्तुओं से आस्था और विश्वास के साथ भाव पूर्वक पूजा अर्चना और भक्ति भाव में इतने सराबोर हो जाते हैं कि शिव भक्त विजय मारू, उमेश राठी आदि अपने पांवों को रोक नहीं पाते और झूम पड़ते हैं तो अन्य भक्त तालियां और महादेव के जयकारों से शिवालाय को गुंजायमान करने में पीछे नहीं रहते। ?मंदिर परिवार के टीम सदस्य इन्द्रचन्द मोदी द्वारा प्रेस नोट जारी कर उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पूजा करने वालों में दिनेशसिंह राजपुरोहित, मोहित जोशी, ललित चितलंगी, ओमप्रकाश राठी, ओमप्रकाश पारीक, मदन जोशी, इन्द्रचन्द मोदी, जयकरण चारण, विजय मारू, अनिल पारीक, नवरतन सोनी, प्रवीण भूरा, राजू पनवाड़ी, गोपाल मालाणी, राधे सोनी, मालचन्द सेवग, महादेव नाई, आनंद दैया, ब्रह्मप्रकाश तंवर, गोपीकिशन पाणेचा, बाबूलाल साध आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न स्थानों पर किया पौधरोपण



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के बड़ाऊ में शनिवार को प्रसिद्ध समाजसेवी, शिक्षाविद एवं भाजपा नेता फतेहसिंह बड़ाऊ के जन्मदिन पर क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं में गायों को चारा खिलाया गया तथा अनेक स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया । इस मौके पर फतेहसिंह बड़ाऊ ने कहा कि पर्यावरण तथा बेजुबान पशु पक्षियों के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को हमेशा सेवा भावना के लिए तैयार रहकर मानवता का परिचय देना चाहिए।

इनके जन्मदिन पर प्रतिवर्ष विभिन्न स्थानों पर गौ सेवा और पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है । इस अवसर पर रघुवीर शर्मा, राधा शर्मा, चेयरमैन सुनील बोहरा, गुड्डी कंवर, प्रकाश दास स्वामी, डॉ मुकेश दाधीच, सूर्य प्रकाश शर्मा, सुमन शेखावत, प्रमोद शर्मा, रघुवीरसिंह, पूजा सैनी, पूनम जांगिड़, रविंद्र बीलवा, मनीष शर्मा, प्रमोद सुरोलिया, हर्षवर्धन शेखावत, सुभाष शर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेताओं ने पालिका चुनाव को लेकर बिगुल फूंका

ललित दाधीच



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर नगर पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं ने बिगुल फूंक दिया है। इसी के तहत राजलदेसर नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक नगर अध्यक्ष जब्बार खोखर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, विधानसभा प्रभारी सुनील महला, रतनगढ़ पूर्व नगर अध्यक्ष अरविंद चाकलान, पूर्व प्रधान गिरधारी बांगड़वा, कांग्रेस देहात अध्यक्ष भानीराम मेघवाल, कांग्रेस नेता चरण सिंह काका, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मेघवाल, पूर्व सरपंच मनफुल टांडी, भागीरथ रेगर के सानिध्य में मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि नगर पालिका चुनाव का बिगुल बज चुका है। कांग्रेस कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें। फिर से नगर पालिका अध्यक्ष बनाने के लिए उन्होंने कहा कि पार्टी टिकट उन्हीं को देगी, जो जिताऊ एवं टिकाऊ हों। साथ ही पार्टी के साथ गद्दारी करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके अलावा राजलदेसर नगर पालिका में 3 साल में इतना भ्रष्टाचार हुआ है, उसकी कोई कल्पना ही नहीं कर सकता। नगर पालिका में दलाल बैठे हुए हैं, खुली दलाली करते हैं। विधायक गोदारा ने कहा कि आज की बैठक में अधिकांश कांग्रेस के नेता अनुपस्थित हैं लेकिन इशारों ही इशारों में साफ संकेत दिए उपस्थित पदाधिकारियों को समय रहते हुए एकजुट कर लें, अन्यथा मैं अपने हिसाब से कार्य करूंगा। गोदारा ने कहा कि पिछली बार कांग्रेस की सरकार में राजलदेसर में ऐतिहासिक विकास के कार्य हुए थे, जिसमें राजकीय महाविद्यालय खुलवाना, तहसील कार्यालय खुलवाना, इसके अलावा महाविद्यालय में फर्नीचर उपलब्ध करवाया, सड़कों के निर्माण के लिए करोड़ों का बजट उपलब्ध करवाया आदि कांग्रेस के शासन में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं लेकिन भाजपा के शासन में केवल भ्रष्टाचार के अलावा कुछ भी काम नहीं हुआ। मीटिंग में रतनगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनील महला ने कहा कि अब मैं पूरे विधानसभा में सभी नगर पालिका में वार्डों में स्वयं जाऊंगा एवं टिकट को लेकर सभी से विचार-विमर्श करूंगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा के शासन में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इस भ्रष्टाचारी सरकार को आने वाले नगर पालिका चुनाव में उखाड़ कर फेंकना है। बैठक में पूर्व नगर अध्यक्ष अरविंद चाकलान, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा आदि ने भी कार्यकर्ताओं को गुरु मंत्र दिया।

इस अवसर पर भागीरथ रेगर, नबी बक्स, विनोद सैनी, भवानी कच्छावा, भोजराज बारूपाल, मोहम्मद शरीफ छींपा, अशफाक बगड़, मुंशी कलाल, शरीफ ठेकेदार, जाकिर हुसैन, फारूक छींपा, चंद्रजीत वाल्मीकि, गुलाब खडोलिया, अशोक सोनी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# परिवार से संस्कार, संस्कार से सशक्त समाज का निर्माण



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** परिवार से संस्कार, संस्कार से सशक्त समाज का निर्माण यह विचार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूडिया में अणुव्रत समिति नोखा द्वारा आयोजित अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टैस्ट 2026 में छात्र-छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने विचार लिखे। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में भी परिवार को केंद्र बिंदु मानते हुए चित्र बनाएं। संस्था प्रधान ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि विद्यालय के 256 छात्र-छात्राओं ने अणुव्रत समिति द्वारा आयोजित एसीसी 2026 में भाग लिया। अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र-छात्रा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेते हुए राष्ट्रीय स्तर तक भाग ले सकेंगे। यह प्रतियोगिता न केवल शिक्षा से संबंधित है बल्कि संस्कार एवं राष्ट्रीय निर्माण के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखती है। प्रतियोगिता में शिक्षक रामानंद शर्मा, रामस्वरूप, ओमप्रकाश बिश्नोई आदि का सहयोग सराहनीय रहा। प्रतियोगिता प्रभारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता को आगामी माह में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। मंत्री गजेंद्र पारख ने बताया कि आज अणुव्रत समिति द्वारा विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा विषय पर तेरापंथ भवन में सुबह साढ़े नौ बजे से विचार गोष्ठी का आयोजन होगा।

# करोड़पति फकीर डॉ. घासीराम वर्मा की जन्मशती पर 121 पौधे लगाए



हर्ष सोनी

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** प्रख्यात गणितज्ञ एवं करोड़पति फकीर के नाम से विख्यात डॉ. घासीराम वर्मा की 100वीं जयंती पर लायन्स क्लब झुंझुनू जीवन की ओर से दीनदयाल नगर स्थित सार्वजनिक पार्क में 121 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा का संदेश दिया गया। क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ. मुकेश एस मूंड ने कहा कि किसी महान व्यक्तित्व की जयंती को सेवा कार्य से जोड़ना समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि क्लब भविष्य में भी पार्क के विकास और हरितीकरण में सक्रिय भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में क्लब सचिव एमजेएफ लायन ओमप्रकाश मूंड, कार्यक्रम संयोजक लायन रणवीर सिंह गोदारा, लायन अशोक कुलहरी, प्रायोजक लायन दिनेश महला, लायन रणवीर सिंह डूडी, लायन रामकुमार सिंह झाझड़िया, राजेंद्र सिहाग, संजय मीणा, ओम बसेरा, अशोक बालोठिया, राजेश जानू, नंदलाल सैनी, बजरंग खारिया, जय सिंह, मदन बाबल सहित टीम सैनिक एकेडमी के सदस्यों ने श्रमदान कर पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा से जुड़े ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# रेलवे स्टेशन पर दो बड़ी दीवार घड़ी भेंट



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** जैन सोसाइटी ट्रस्ट की प्रेरणा से स्वर्गीय नेमचंद अणची देवी लुणावत की स्मृति में उनके पुत्र दीपचंद कंचन देवी लुणावत के द्वारा नोखा रेलवे स्टेशन को दो बड़ी दीवार घड़ी भेंट की गई। इस मौके पर जैन सोसाइटी ट्रस्ट के अध्यक्ष सीकरचंद पींचा, महासचिव डॉ महेन्द्र संचेती, पूर्व पालिकाध्यक्ष हनुमान पींचा भंवरलाल पींचा, टीकमचंद बुच्चा, मदन लुनिया, दीपचंद लुणावत, उत्तम लुनावत, कन्हैयालाल सुराना, राजेन्द्र बांठिया, मनोज डागा, धर्मेश बैद, भरत बुच्चा, स्टेशन अधीक्षक अरुण कुमार सहित समस्त रेलवे स्टाफ आदि उपस्थित थे।

# तकनीक के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा एआई चश्मा स्टार्टअप

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देशभर में पहचान रखने वाला शिक्षा नगर कोटा अब तकनीकी नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति के क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है। शहर के तलवंडी क्षेत्र से शुरू हुई एआई चश्मा पहल इस बदलाव का प्रतीक बनकर उभरी है। यह स्टार्टअप दर्शाता है कि कोटा की युवा प्रतिभा अब केवल प्रतियोगी परीक्षाओं और पारंपरिक करियर तक सीमित नहीं है बल्कि अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित उत्पाद विकसित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। इस स्टार्टअप से जुड़े प्रांशु गर्ग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-बीएचयू) के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद जैसे स्थापित तकनीकी केंद्रों के बजाय कोटा से इस परियोजना की शुरुआत कर यह संदेश दिया है कि तकनीकी उद्यमिता के लिए बड़े महानगर ही एकमात्र विकल्प नहीं हैं। स्थानीय स्तर पर भी नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित किया जा सकता है। एआई चश्मा की अवधारणा पारंपरिक चश्मे को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर आधारित है। इसके तहत एआई, ऑडियो, संचार और वियरेबल टेक्नोलॉजी जैसी सुविधाओं को सामान्य चश्मे में समाहित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उपयोगकर्ताओं को स्मार्ट तकनीक का सहज अनुभव मिल सके। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य डिजिटल उपकरणों में तेजी से बदलाव के बावजूद चश्मे का स्वरूप लंबे समय तक पारंपरिक बना रहा। ऐसे में एआई चश्मा जैसी पहल वियरेबल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है और भविष्य की स्मार्ट लाइफ स्टाइल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित की जा रही है। यह पहल इस बात का संकेत है कि कोटा अब केवल कोचिंग हब नहीं बल्कि शोध, नवाचार, तकनीकी विकास और उत्पाद निर्माण का उभरता केंद्र भी बन रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे स्टार्टअप भविष्य में कोटा को तकनीकी उद्यमिता के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# एसएससी-सीएचएसएल डमी अभ्यर्थी प्रकरण, दस हजार का इनामी दलाल गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** सरकारी भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाकर लाखों रुपये की अवैध वसूली करने वाले संगठित परीक्षा चीटिंग गिरोह के खिलाफराजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी दिलखुश मीणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी सरकारी भर्ती परीक्षाओं में वास्तविक अभ्यर्थियों की जगह डमी कैंडिडेट बैठाने के लिए बिचौलिये की भूमिका निभाता था और इसके एवज में लाखों रुपये का अवैध लेनदेन करवाता था। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि पुलिस थाना एसओजी में दर्ज प्रकरण के तहत आरोपी दिलखुश मीणा निवासी राजगढ़ जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर एसओजी ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। जांच के अनुसार कर्मचारी चयन आयोग नई दिल्ली द्वारा 15 जुलाई 2018 को आयोजित संयुक्त हायर सेकेंडरी लेवल परीक्षा-2017 द्वितीय चरण में संगठित गिरोह ने वास्तविक अभ्यर्थियों के स्थान पर डमी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर बैठाकर प्रश्न-पत्र हल करवाए। इसके बदले गिरोह के सदस्यों ने अभ्यर्थियों से लाखों रुपये की अवैध वसूली की। एसओजी की जांच में सामने आया कि दिलखुश मीणा पूरे गिरोह में मध्यस्थ के रूप में सक्रिय था। उसने आरोपी चेतराम मीणा को सुशील कुमार मीणा के लिए डमी अभ्यर्थी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशाल चौधरी से संपर्क स्थापित कराया था। इसी कड़ी में वह असली अभ्यर्थियों और गिरोह के सदस्यों के बीच समन्वय कर अवैध धनराशि के लेनदेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। इस मामले में एसओजी पहले ही प्रमोद कुमार यादव, अवनीश कुमार उर्फ मोनू, चेतराम मीणा, विनय कुमार सिंह और सुनील कुमार मीणा सहित कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। दिलखुश मीणा की गिरफ्तारी को इस संगठित परीक्षा चीटिंग गिरोह के खिलाफ महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी से एसओजी की टीम गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के आधार पर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और पूरे नेटवर्क की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# भाजपा युवा नेता राठौड़ ने किया युवाओं से संवाद



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर कस्बे की कुलड़िया कॉलोनी में पावर हाउस के सामने भाजपा की ओर से शनिवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाजपा युवा नेता पराक्रम राठौड़ ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि युवा भारत का कर्णधार है।

देश का भविष्य है इसलिए आज के युवा नशे से दूर रहकर अपना सारा ध्यान अच्छा भविष्य बनाने पर लगाए। जब युवाओं का भविष्य अच्छा होगा तो वह देश के सुनहरे भविष्य में भी अपना योगदान देगा। राठौड़ ने लड़का-लड़की भेदभाव पर बोलते हुए कहा कि यह गाड़ी के दो पहिए जिनको एक साथ मिलकर समाज में अपनी भूमिका निभानी है। उन्होंने विकसित भारत, 2047 पीएम मोदी का विजन और युवाओं की भूमिका, यमुना जल समझौता, भारत-पाक सिंधु समझौता, धारा 370, नशा मुक्त तारानगर, खेलों को बढ़ाओ, पेपर लीक को रोकने के लिए सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम संशोधन बिल 2026, युवाओं को रोजगार, युवाओं की राजनीति में भागीदारी, राजस्थानी भाषा को मान्यता, महिला सुरक्षा सहित अनेक मुद्दों पर युवाओं के साथ अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में भाजपा नेता राकेश जांगिड़, महावीर पूनिया, जसवंत स्वामी, नरेश सहारण, लीलाधर बागोरिया, अजीत राठौड़, अनूप खंडेलवाल, भंवरलाल दादरवाल, भंवरलाल पूनिया, रामावतार सैनी, जगमोहन राहड़, विशाल शर्मा, मनोज लाटा, कृष्ण सहारण, मो. तैयब, मातूसिंह राठौड़, राजेंद्र जोइया, त्रिलोक रैगर, राकेश टाक, बजरंग सैनी, पन्नालाल सैनी, हीरालाल सैनी आदि अनेक युवा व लोग मौजूद थे।

# नर्सिंग जीएनएम कोर्स में एडमिशन शुरू, 11 अगस्त तक कर सकतें हैं आवेदन, 12वीं पास अभ्यर्थियों के लिए मौका

अशोक राईका

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जीएनएम (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 29 जुलाई से 11 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश मेरिट, राज्य सरकार के नियमों और काउंसलिंग के आधार पर दिया जाएगा। जीएनएम कोर्स में आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं (सीनियर सेकेंडरी) कम से कम 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी (पीसीबी) विषय वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश में प्राथमिकता मिलेगी। विभाग ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अंतिम तारीख का इंतजार न करें।

आखिरी दिनों में वेबसाइट पर अधिक ट्रैफिक और तकनीकी दिक्कतों की संभावना रहती है। इसलिए समय रहते आवेदन और शुल्क जमा कर दें।

### अधिकतम आयु सीमा - महिला के लिए 28 और पुरुष 34

31 दिसंबर 2026 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष होना अनिवार्य है। पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 28 वर्ष तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए 34 वर्ष निर्धारित की गई है। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट मिलेगी। विभागीय कोटे के स्थायी कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु 35 वर्ष तथा स्थायी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) के लिए 40 वर्ष तय की गई है।

### सरकारी संस्थानों में कम फीस

राजकीय प्रशिक्षण संस्थानों में सामान्य और ओबीसी क्रीमी लेयर के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए वार्षिक फीस 11,550 रुपये रखी गई है। वहीं एससी, एसटी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी नॉन- क्रीमी लेयर और सभी महिला अ यर्थियों के लिए यह फीस 4,620 रुपये होगी।

निजी जीएनएम प्रशिक्षण संस्थानों में वार्षिक प्रशिक्षण शुल्क 66,000 रुपये निर्धारित किया गया है। काउंसलिंग फीस 500 रुपये होगी, जो वापस नहीं की जाएगी।

### आवेदन शुल्क

सामान्य, ओबीसी, एमबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 220 रुपये निर्धारित किया गया है। एससी और एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों को 110 रुपये शुल्क देना होगा। शुल्क ई-मित्र, सीएससी नेटवर्क या ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से जमा कराया जा सकेगा। आवेदन करने से पहले सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने की सलाह दी गई है।

# ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा के नागौर रोड स्थित महादेव होटल के सामने गुरुवार रात लीलण एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान के प्रयास में जुटी है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## सम्पादकीय

# चढ़ावा चोरी पर तमाशा




अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए गत दिवस संसद परिसर में जो कुछ किया गया, वह केवल विपक्षी दलों की सतही-सस्ती राजनीति का परिचायक ही नहीं, बल्कि संत समाज और साथ ही हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने वाला भी है। जो हिंदू समाज चढ़ावा चोरी के मामले से पहले ही आहत है, उसे और उद्वेलित करने वाले ये वही लोग हैं, जिन्होंने राम मंदिर बनने का कभी स्वागत नहीं किया। कुछ ने तो उसके उद्घाटन में आमंत्रण को अस्वीकार करने का भी काम किया और इसे उचित भी ठहराया।

अब वे ऐसा दिखा रहे हैं कि चढ़ावा चोरी की घटना से सबसे अधिक दुखी वही हैं। इसके लिए उन्होंने जो स्वांग किया, वह एक तरह से भगवा भेष धारण करने वालों को अपमानित करने वाला ही है। यह ध्यान रहे कि चढ़ावा चोरी में किसी संत का नाम नहीं आया है। दान हड़पने के मामले में जो लोग गिरफ्तार किए गए हैं और जिन पर अपनी जिम्मेदारी का सही तरीके से निर्वाह न करने के आरोप लगे हैं, उनमें से कोई भी साधु नहीं है। इसके बाद भी संसद परिसर में सांसद पप्पू यादव साधु भेष में दान मांगते दिखे। उन्हें दान देने का नाटक राहुल गांधी समेत अन्य अनेक सांसदों ने किया। इनमें मुख्यत: सपा सांसदों की भागीदारी रही। इसके बाद पप्पू यादव दान पात्र लेकर भागते दिखे।

एक गंभीर मामले को फूहड़ तरीके से उठाना यही दिखाता है कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी पर विपक्ष का एकमात्र उद्देश्य तंज कसना और तमाशा खड़ा करना है। इस कोशिश में वह यह देखने को भी तैयार नहीं कि आखिर संत समाज और भगवा को अपमानित करके उसे क्या हासिल होने वाला है? ऐसा काम वही कर सकता है, जो चढ़ावा चोरी के मामले से सही तरह परिचित न हो या फिर जिसका उद्देश्य नारेबाजी की राजनीति करना अथवा संत समाज को अपमानित करना हो।

इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि साधु बनने का स्वांग उन पप्पू यादव ने रचा, जो केवल दागी छवि वाले सांसद ही नहीं हैं, बल्कि उन पर हत्या के प्रयास, अवैध कब्जे करने, रंगदारी मांगने समेत करीब 40 मामले दर्ज हैं। इन मामलों का उल्लेख स्वयं उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में अपने शपथपत्र में किया था।

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में विपक्ष ने केंद्र सरकार और विशेष रूप से गृहमंत्री अमित शाह को भी कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की। आखिर उनका इस मामले से क्या लेना-देना? क्या वे देश में हर कहीं चोरी-गबन के लिए जिम्मेदार होंगे? स्पष्ट है कि विपक्ष चढ़ावा चोरी प्रकरण का इस्तेमाल केवल राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रहा है। इसमें कोई रोक नहीं, लेकिन किसी मुद्दे को भोंडे ढंग से उठाना ऐसा करने वाले की नीयत पर सवाल उठाता है।

## विशेष आलेख

# अमेरिका से भी सतर्क रहने की जरूरत



गत दिनों उत्तर प्रदेश में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली बार्डर चेक पाइंट के पास से एक संदिग्ध अमेरिकी नागरिक जार्डन ब्राउन को सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ द्वारा हिरासत में लिया गया। ब्राउन ने वैध पासपोर्ट और वीजा के बिना ही समुद्री रास्ते से भारत में प्रवेश किया था और दक्षिण भारत में काफी समय बिताने के बाद उत्तर प्रदेश पहुंचा, जहां से वह अवैध तरीके से सीमा पार कर नेपाल में घुसने वाला था। इसमें चौंकाने वाले कई पहलू हैं।

अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत का रहने वाला ब्राउन कई वर्षों तक अमेरिकी नौसेना के विशेष कमांडो दस्ते नेवी सील्स में काम कर चुका है। यह वही खुफिया कमांडो दस्ता है, जिसने कभी पाकिस्तान में घुसकर ओसामा बिन लादेन को मार गिराया था। ब्राउन के पास अमेरिकी नागरिक होने के बावजूद अमेरिकी पासपोर्ट नहीं था, परंतु एक नकली चीनी पासपोर्ट उसके पास से बरामद हुआ। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि अमेरिका सेना के विशेष खुफिया कमांडो दस्ते में रह चुका व्यक्ति बिना अनुमति के भारत में किसी जासूस या आतंकी की तरह घुसपैठ कर सीमावर्ती क्षेत्र में क्या कर रहा था?

ब्राउन का मामला अपवाद नहीं है। गत मार्च में ही भारतीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा एक अमेरिकी मैथ्यू वैन डाइक और छह यूक्रेनी नागरिकों को कोलकाता और पूर्वोत्तर से गिरफ्तार किया गया था। ये सब मिलकर यूरोप से ड्रोनों को भारत में लाकर म्यांमार और पूर्वोत्तर में सक्रिय आतंकी संगठनों को उड़ाने और उनके माध्यम से हवाई हमले करने की ट्रेनिंग दे रहे थे। इनमें से कई लोग पूर्वोत्तर के उन क्षेत्रों में घुसपैठ कर चुके थे, जिनमें प्रवेश के लिए विदेशी नागरिकों को सरकार से विशेष परमिट प्राप्त करना आवश्यक होता है। ब्राउन की तरह ही डाइक का भी अमेरिकी सुरक्षा प्रतिष्ठानों से पुराना नाता रहा है।

जब पश्चिमी देशों ने लीबिया में कर्नल गद्दाफी के तख्तापलट की ठानी तो डाइक एक युद्ध पत्रकार से गुरिल्ला लड़ाका बन गया और अमेरिकी समर्थन से गद्दाफी सरकार के विरुद्ध युद्धरत गुट में शामिल हो गया। पश्चिम एशिया के कई सशस्त्र संघर्षों में हिस्सा लेने के बाद डाइक ने 2018 में सन्स आफ लिबर्टी इंटरनेशनल नामक संस्था की स्थापना की, जो अमेरिकी हितों को साधने वाले गुरिल्ला और आतंकी संगठनों को दुनिया भर में प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और सलाह देने का काम करती है। यह संस्था ब्लैक वाटर जैसे निजी भाड़े के लड़ाके और विभिन्न युद्धक सेवाएं मुहैया कराने वाले अमेरिका के कारपोरेट रक्षा तंत्र का हिस्सा है। यह सुनियोजित साठगांठ बहुत कुछ कहती है।

अमेरिकी और पश्चिमी नागरिकों के भारत की सुरक्षा के विरुद्ध काम करने का यह कोई पहला या दूसरा मामला नहीं है। याद रहे कि अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों से पांच मिनट पहले इंडियन मुजाहिदीन के आतंकियों द्वारा कई न्यूज चैनलों को ईमेल भेजे गए थे, जिसमें इन बम धमाकों की पहले धमकी और फिर जिम्मेदारी भी ली गई थी। बाद में इस ईमेल को आश्चर्यजनक रूप से भारत में रह रहे एक अमेरिकी नागरिक और अमेरिकी कट्टरपंथी चर्च से जुड़े कैनेथ हेवुड नामक व्यक्ति के लैपटाप तक ट्रेस किया गया। उस मामले की जांच कर रहे एक विवादित पुलिस अधिकारी द्वारा हेवुड को आनन-फानन में क्लीन चिट दे दी गई थी। क्लीन चिट देने का एक अजीब कारण यह बताया गया था कि आतंकियों ने हेवुड का वाईफाई कनेक्शन हैक कर लिया था। हालांकि हेवुड इंटरनेट तकनीक से अनजान नहीं था और 20 सालों से एक फर्म चलाता था, जिसमें भारतीयों को अमेरिकी कंपनियों में नौकरियों के लिए प्रशिक्षित किया जाता था। ऐसे में हैक होने वाली बात हजम नहीं होती। तब ऐसी बातें सामने आई थीं कि हेवुड सीआइए से जुड़ा था और सिमी और इंडियन मुजाहिदीन के माड्यूल संचालित कर रहा था। फिर भी इस मामले को रफा-दफा कर दिया गया।

हेवुड प्रकरण के करीब तीन साल बाद ही मुंबई में 26/11 आतंकी हमले हुए और उनमें भी एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली की भूमिका सामने आई। हेडली अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का वर्षों तक मुखबिर रहा, जो 26/11 का मुख्य साजिशकर्ता भी बना। कोई अमेरिका से पूछे कि भारत में अमेरिकी खुफिया गतिविधियों के वे कौनसे राज हेडली के पास हैं कि उस पर उचित कार्रवाई के आसार नहीं दिखते। क्या कारण है कि 166 लोगों की हत्या का जिम्मेदार होने के बाद भी उसे वहां न तो मृत्युदंड दिया जाएगा और न ही जीवन के अंत तक कैद में रखा जाएगा और न ही भारत को प्रत्यर्पित किया जाएगा।

ऐसा ही मामला अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआइए के एजेंट रोसिआना मिन्चयू का है, जो 2005 में भारत के सबसे बड़े जासूसी कांडों में से एक नेवी वार रूम लीक केस उजागर होने के बाद से गायब है। वर्ष 2018 में अमेरिकी ईसाई मिशनरी जान एलेन चाऊ को अंडमान निकोबार के आदिवासियों ने तब मार डाला था, जब वह उनके क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास कर रहा था। स्मरण रहे कि यह वह संरक्षित क्षेत्र है, जिसमें भारतीय प्रशासनिक अधिकारी और सेना भी प्रवेश नहीं करते हैं। पिछली सदी के अंतिम दशक के दौरान जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद की आग को हवा देने में अमेरिकी राजनयिक राबिन राफेल की भूमिका तो भुलाए नहीं भूली जा सकती। हुर्रियत के विस्तार में राफेल का बहुत बड़ा हाथ रहा है।

इतना सब कुछ स्पष्ट होने के बाद भी आज तक अमेरिकी नागरिक अपनी तमाम भारत विरोधी गतिविधियों के बावजूद बचते चले आए हैं। कोई बड़ी घटना होने से पहले इन्हें कभी पकड़ा नहीं जाता था और बाद में पकड़े भी गए तो सरकार बड़े आराम से उन्हें बच निकलने देती थी।

ऐसे में ब्राउन और डाइक के मामले में गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और भारतीय सुरक्षा एजेंसियां सभी बधाई के पात्र हैं कि इस बार एहतियात बरतते हुए अमेरिकी खुफिया एजेंसियों से जुड़े लोगों को किसी बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। ये मामले भारतीय मीडिया और आम भारतीयों के लिए भी सीख है कि भारत के शत्रु सिर्फ पाकिस्तानी या चीनी ही नहीं होते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम उठाएं। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा। पुरुषार्थ सफल होगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखना चाहिए। व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। संतान की प्रगति होगी।

### वृष
तीर्थयात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग में महत्व बढ़ेगा।

### मिथुन
अतिथियों का आवागमन होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे। पारिवारिक सुख-शांति बरकरार रहेगी। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा।

### कर्क
संतान पक्ष की चिंता रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्च का बोझ बढ़ेगा। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें। व्यापार, नौकरी में अड़चनें आने से मनोबल में कमी आ सकती है। सुख के साधन जुटेंगे।

### सिंह
यात्रा में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। दु:खद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें। परिवार की परेशानी का हल संभव है। भागीदारी के कामों में सफलता मिलेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कन्या
कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होंगे। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। संतान की गतिविधियों पर नजर रखना होगी। कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है। वाद-विवाद से दूर रहें।

### तुला
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है। रोमांस में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को शिक्षा में उपलब्धि हासिल होने के योग हैं।

### वृश्चिक
प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रयास सफल रहेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। मान-सम्मान मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी से बहस न करें। काम-धंधे में सफलता के शुभ संकेत हैं।

### धनु
सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा। पारिवारिक स्थिति आनंददायक रहेगी। भूमि व भवन की योजना बनेगी।

### मकर
लेनदारी वसूल होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है। आर्थिक उन्नति होगी। सामाजिक उतरदायित्व की पूर्ति करेंगे। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

### कुंभ
विवाद व जल्दबाजी से बचें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं। नए कार्यों से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। धन का संग्रह होगा। मन प्रफुल्लित रहेगा।

### मीन
प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। बाहर सहायता से काम होंगे। प्रसन्नता रहेगी। संतान के संबंध में संतोष रहेगा। व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। पुरुषार्थ का पूर्ण फल मिलेगा। थकान रहेगी। शत्रु भय रहेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# बिना एक्सरसाइज के कम करना चाहते हैं पेट की चर्बी, तो अपनाएं ये आसान उपाय

आपने कुछ लोगों को देखा होगा जिनका बेली फेट फुल बॉडी के मुकाबले काफी ज्यादा होता है। यह देखने में काफी अजीब लगता है, साथ ही पर्सनालिटी खराब करने का कारण भी बन सकता है। इस समस्या का कारण खानपान की खराब आदतें और लाइफस्टाइल के बदलाव हो सकते है। अक्सर लोगों का मानना होता है कि केवल डाइट से आसानी से वजन घटाया जा सकता है। एक्सपर्ट के मुताबिक यह चीजें कुछ हद तक वजन घटाने में मदद कर सकती हैं, लेकिन लंबे पूरे शरीर का वजन घटाने के लिए एक्सरसाइज भी जरूरी है। साथ ही इन तरीको से फुल बॉडी मास पर भी असर पड़ सकता है। लेकिन अगर आपको पेट के उप्परी हिस्से का फेट कम करना है, तो यह बिना एक्सरसाइज के भी मुमकिन हो सकता है।

### तरल पदार्थो का सेवन बढ़ाएं

तरल पदार्थो का सेवन बढ़ाने से आपका पाचन तंत्र स्वस्थ रहेगा, साथ ही यह शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करेगा। अपनी डाइट में ज्यादा से ज्यादा फ्रूट जूस, छाछ, दही और अन्य तरल पदार्थ शामिल करे, जिससे शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकाले जा सके। इसके साथ ही दिनभर में 8 से 10 गिलास पानी पीने की आदत जरूर बनाएं जिससे आप एक्सट्रा कैलोरी को आसानी से घटा पाएं।

### अधिक प्रोटीन का सेवन करें

डाइट में ज्यादा प्रोटीन लेने से पेट की चर्बी घटाने में मदद मिल सकती है। इसके साथ ही प्रोटीन का सेवन मेटाबॉलिज्म बढ़ाने और क्रेविंग कम करने में मदद कर सकता है। इसलिए अपनी डाइट में ज्यादा से ज्यादा दालें, अंडे, सोया शामिल करें, जिससे पेट पर जमी चर्बी घटाने में मदद मिल सके।

### प्रोबायोटिक्स का सेवन बढ़ाएं

प्रोबायोटिक्स का सेवन बढ़ाने से गट हेल्थ स्वस्थ रहती है, साथ ही यह पेट की चर्बी कम करने में भी फायदेमंद हो सकता है। प्रोबायोटिक्स जैसे कि दही, छाछ, सोया का सेवन का सेवन शरीर में अधिक कैलोरी बढ़ने से रोक सकता है, इससे पेट के निचले हिस्से की चर्बी घटाने में मदद मिल सकती है।



### बाहर से खाने से दूरी बनाएं

बाहर का तला-भूना खाना शरीर में एक्सट्रा कैलोरी बढ़ाने का कारण बन सकता है। इसके साथ ही जो लोग पैकेज्ड फूड का ज्यादा सेवन करते हैं, उनकी पेट की चर्बी भी ज्यादा जल्दी बढ़ने लगती है। इसलिए अपनी डाइट से चीनी युक्त, तला-भूना खाना और पैकेज्ड फूड लेना अवॉइड करें, जिससे पेट की चर्बी प्राकृतिक रूप से कम हो सके। इसके साथ ही कोई मॉर्निंग ड्रिंक जैसे कि जीरा पानी, सौंफ का पानी, दालचीनी की चाय लेना शुरू करें, इससे पेट की चर्बी पिघलाने में मदद मिल सकती है।

### पर्याप्त नींद लेना आदत बनाएं

अगर आपको वजन कम करना है तो तनाव और अधूरी नींद की आदत से दूरी बनाए रखें। ज्यादा तनाव लेने से शरीर के हार्मोन्स में नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जो पेट की चर्बी बढ़ने का बड़ा कारण हो सकता है। नियमित रूप से 7 से 8 घंटे की नींद जरूर लें जिससे आप लंबे समय तक एक्टिव बने रहें।

# गंजेपन से बचा सकता है हरसिंगार, बालों के लिए इसे इस्तेमाल करने का तरीका

आजकल लाइफस्टाइल, खानपान और तनाव ज्यादा लेने की वजह से लोगों को बाल झड़ने की समस्या हो रही है। अगर बाल थोड़े बहुत गिरे तो ये आम बात होती है, पर एक साथ गुच्छों में बाल गिरने लगे और एक दिन अचानक स्कैल्प दिखने लग जाए तो इसे गंजापन कहा जाता है। गंजापन न सिर्फ लुक को खराब करता है बल्कि कई बार दूसरों से सामने शर्मिंदा होने पर भी मजबूर कर देता है। गंजेपन से छुटकारा पाने के लिए लोग कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट और ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन ये नुस्खे हर किसी पर असरदार साबित नहीं होते हैं।

### हरसिंगार के पोषक तत्व

हरसिंगार का इस्तेमाल बालों में करने से पहले इसके पोषक तत्वों के बारे में जानना बहुत जरूरी है। हरसिंगार में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी और ई एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। ये पोषक तत्व बालों के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत लाभदायक माने जाते हैं।

### हरसिंगार के बीजों से धोएं बाल

- बालों के झड़ने, टूटने और गिरने की समस्या से राहत पाने के लिए हरसिंगार के बीजों के पानी से सिर को धोया जा सकता है।
- इसके लिए एक बड़े बाउल में हरसिंगार के बीज निकाल लें।
- अब इन बीजों को इतने पानी में भिगोएं, जितने से आपको बाल धोने हों।
- रातभर पानी के साथ बीजों को भीगने के लिए छोड़ दें।
- सुबह उठकर हरसिंगार के बीजों के पानी से बालों को धोएं।

### हरसिंगार के पेस्ट का कर सकते हैं इस्तेमाल

- बालों की समस्या से राहत पाने के लिए हरसिंगार के पेस्ट का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।
- इसके लिए एक कटोरी में 2 से 4 हरसिंगार के बीज लें।
- इन बीजों को मिक्सर ग्राइंडर में पीस लें।
- जब हरसिंगार के बीज पीस जाएं तो इसमें थोड़ा करी पत्ता और मेथी दाना मिलाकर पेस्ट बनाएं।
- अगर आपको पेस्ट ज्यादा गाढ़ा लगता है तो उसमें नारियल का तेल मिलाएं।
- अब इस पेस्ट को स्कैल्प से लेकर सिरों तक लगाएं।
- 15 मिनट तक पेस्ट को बालों पर लगा रहने दें।

# मानसून में भूलकर भी न करें खानपान से जुड़ी यह गलतियां, पड़ सकते हैं बीमार

बारिश का मौसम अधिकतर लोगों को पसंद होता है। तपती गर्मी के बाद मानसून में बारिश की फुहारें दिल को सुकून पहुंचाती हैं। लेकिन यह मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां भी लेकर आता है। इसलिए मानसून के दौरान सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। इस मौसम में बैक्टीरिया और कीटाणु आपके शरीर में प्रवेश करके आपको बीमार बना सकते हैं। बारिश के मौसम में सर्दी-जुकाम, फूड पॉइजनिंग, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस-ए जैसी बीमारियां होने का खतरा सबसे अधिक रहता है। बरसात में होने वाली ज्यादातर बीमारियां खानपान की गलतियों की वजह से होती हैं।

**फ्राइड और ऑयली फूड खाना :** बारिश के मौसम में गर्मागरम चाय-पकौड़े खाना किसे पसंद नहीं होता है। यह खाने में तो अच्छा लगता है, लेकिन आपकी सेहत को नुकसान भी पहुंचाता है। मानसून में ज्यादा तला-भुना खाने से पेट खराब हो सकता है। इसकी वजह से गैस, कब्ज, ब्लोटिंग और एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए, मानसून के दौरान फ्राइड और ऑयली फूड खाने से परहेज करें।

**कच्चा या बिना पका हुआ भोजन खाना :** बरसात के मौसम में कच्चा या बिना पका हुआ खाना भूलकर भी नहीं खाना चाहिए। दरअसल, इस तरह के भोजन में पैथोजेन्स हो सकते हैं, जो शरीर के अंदर घुसकर आपकी सेहत बिगाड़ सकते हैं। इसकी वजह से आप गंभीर संक्रमण या बीमारी का शिकार हो सकते हैं। खाना पकाने से हानिकारक बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। इसलिए, मानसून के दौरान हमेशा अच्छी तरह पका हुआ भोजन ही खाना चाहिए।

**कम पानी पीना :** मानसून में मौसम थोड़ा ठंडा हो जाता है और गर्मियों की तरह ज्यादा प्यास नहीं लगती है। ऐसे में हम अक्सर दिनभर में काफी कम पानी पीते हैं। लेकिन ऐसा करने से मानसून में नमी के कारण डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से कमजोरी, थकान, सिरदर्द और उल्टी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे बचने के लिए आपको दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए।

**कटे हुए फल-सब्जियों का सेवन करना :** स्वस्थ रहने के लिए फलों का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। लेकिन अगर आप बहुत देर पहले से कटे हुए फलों का सेवन करते हैं, तो आप गंभीर रूप से बीमार पड़ सकते हैं। दरअसल, मानसून के दौरान नमी के कारण भोजन में बैक्टीरिया और कीटाणु जल्दी पनपते हैं।

# 24 सरकारी स्कूलों के लिए उपलब्ध करवाए 144 पंखे

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा स्व. चंदरसिंह खजानी देवी चौधरी की स्मृति में उनके पुत्र-पुत्रवधु सुजानगढ़ निवासी हैदराबाद प्रवासी सेवानिवृत शिक्षक दंपति ईश्वरसिंह-प्रकाशीदेवी चौधरी व पौत्र संदीपसिंह के सौजन्य से शनिवार को राजकीय पी सी बी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरकारी विद्यालयों की सहायतार्थ सीलिंग पंखा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि गत 4 वर्षों से अनवरत आयोजित हो रहे उक्त सेवा प्रकल्प में सुजानगढ़ तहसील क्षेत्र के 24 सरकारी विद्यालयों को 144 सीलिंग पंखे उपलब्ध गए। जिनमें 10 शहरी व 14 ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय लाभान्वित हुए। शिक्षाविद लीलाधर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनोज मेघवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा दान महादान है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक सुविधा उपलब्ध नहीं करवा सकती, इसीलिए हमारे समाज में भामाशाहों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। अति विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार महर्षि ने विद्यार्थियों को अनुशासित, विनम्र व चरित्रवान होने की सीख दी। आयोजन में बतौर विशिष्ट अतिथि सीबीईओ सुजानगढ़ रणजीत भींचर, सीबीईओ श्री डूंगरगढ़ सरोज वीर पूनिया, प्राचार्य रणवीर महरिया, समाजसेवी सुशीला देवी क्याल, निवर्तमान उप सभापति अमित मारोठिया मंचस्थ थे। इस अवसर पर भामाशाह दंपति ईश्वरसिंह व प्रकाशी देवी का अतिथियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर, सम्मान पत्र, श्रीफल भेंट कर, माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। भामाशाह रामअवतार सुशीला देवी क्याल की प्रेरणा से उनके पुत्रों पवन, सुरेश, राजकुमार क्याल द्वारा तहसील के सरकारी विद्यालयों की सहायतार्थ क्लब के माध्यम से वृहत्त स्तर पर दरी पट्टियां उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई। सारोठिया ग्राम के सेवा भावी शिक्षक पूसाराम स्वामी का क्लब के ग्रामीण क्षेत्रों के सेवा प्रकल्पों में सहयोग हेतु सम्मान किया गया।

मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, शाला की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम में शिक्षिका एकता मीणा के निर्देशन में छात्रा खुशी और भावना ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत उप प्राचार्या सुनीता शर्मा, क्लब प्रतिनिधि गोपाल चोटिया, ललित सोनी, हाजी मोहम्मद, योगेंद्र भोजक, मूलचंद तिवाड़ी, शिक्षाविद स्नेहप्रभा मिश्रा, कौशल्या गुलेरिया, समाजसेवी मंगलाराम, राजकुमार क्याल, राजेंद्र कनोई ने किया। संचालन गिरधर शर्मा ने किया।

# नशा मुक्ति संगोष्ठी आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान युवा बोर्ड, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार संचालित नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर में नशा मुक्ति विषय पर संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी मांगीलाल कुमावत ने बताया कि महाविद्यालय सचिव ऊषा खर्रा एवं प्राचार्य डॉ विरेन्द्र कुमार यादव के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय कैडेट कोर, स्काउट एवं रोवर्स, विद्यालय, आईटीआई तथा बीएड कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। संगोष्ठी में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ विरेन्द्र कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। यदि देश का युवा नशामुक्त रहकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होगा तो विकसित भारत का सपना शीघ्र साकार होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर नशामुक्ति संकल्प लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से नशामुक्त भारत के निर्माण की शपथ ग्रहण की तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी, एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवक, स्काउट-रोवर्स, विद्यालय, आईटीआई एवं बीएड कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं जनजागरण के संदेश के साथ हुआ।

# वृक्षारोपण किया



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कुलडा का टीबा अरनिया में वृक्षारोपण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बावड़ी आश्रम के संत शिरोमणि श्रीश्री 1008 ओंकार दास महाराज एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार पारीक, विजेंद्र कुमार शर्मा प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मूंडरू और राज्यपाल पुरस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षक रामदयाल सैनी के सानिध्य में 31 से पौधे बालक-बालिकाओं के द्वारा विद्यालय के खेल मैदान में लगाए गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस समारोह में श्रवण कुमार सैनी, रामानंद शर्मा, मनीषा, मालीराम यादव की उपस्थित रही। वृक्षारोपण के पश्चात विद्यार्थियों ने उनकी देखभाल करने की प्रतिज्ञा की व एक पेड़ मां के नाम अपने घर पर भी लगाने का संकल्प लिया।

# बस डिपो परिसर में की साफ सफाई



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित विवेकानंद अभ्युदय प्रकल्प के छात्रों ने शनिवार को खेतड़ी बस डिपो परिसर में एक विशाल स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता और जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अभियान में छात्रों ने बस डिपो के आसपास फैली गंदगी, प्लास्टिक और कचरे को हटाकर परिसर को स्वच्छ और आकर्षक बनाया। विद्यार्थियों ने झाडू लगाकर, कचरा उठाकर यह दिखाया कि युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर छात्रों ने नारा दिया स्वच्छ खेतड़ी, स्वस्थ खेतड़ी और सभी नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

# पत्नी को वापस बुलाने की मांग को लेकर युवक टंकी पर चढ़ा

नंदलाल गौड़

**लोसल ( नवयत्न )।** मूंडवाडा गांव में शनिवार को एक युवक ने अपनी पत्नी और बच्चों को वापस बुलाने की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गया। अपनी मांग को लेकर युवक पानी टंकी पर करीब ढाई तीन घंटे तक बैठा रहा। पुलिस और ग्रामीण युवक को नीचे उतरने के लिए समझाइश करते रहे लेकिन युवक पत्नी के साथ साथ अपने बच्चों को वापस बुलाने की मांग पर अड़ा रहा। प्रशासन एवं ग्रामीण के समझाइश के बाद युवक टंकी से नीचे उतरा। जानकारी के अनुसार युवक संजय सुबह आठ बजे पानी की टंकी पर चढ़ गया। अपनी पत्नी और बच्चों को वापस बुलाने की मांग करने लगा। युवक का ससुराल खंडेला में है। आरोप है कि संजय की पत्नी करीब डेढ़ साल से बच्चों के साथ पीहर रह रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मोका पर पहुंचकर युवक को समझाइश करते रहे लेकिन युवक ढाई घंटे तक टंकी पर बैठा रहा। ग्रामीणों ने भी युवक को समझाइश करते हुए कहा कि समाज की बैठक कर पत्नी और बच्चों को वापस बुलाने का भरोसा दिलाया इसके बाद युवक नीचे उतरा। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से सिविल डिफेंस टीम को मौके पर बुलाया। जहां पर सिविल डिफेंस टीम ने पहुंचकर पानी टंकी के चारों तरफ जाल लगा दिया।

# आगामी पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आयोजित

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** आगामी नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में विधायक पूसाराम गोदारा के नेतृत्व में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी सुनील महला विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इलियास खान ने की। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता आज से ही चुनावी तैयारियों में पूरी ताकत के साथ जुट जाएं और स्थानीय व प्रदेश स्तर के जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा विकास और जनसेवा की राजनीति करती रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार शहर में कोई नया उल्लेखनीय विकास कार्य नहीं करवा सकी। शहर में जो भी अभी तक विकास कार्य हुए हैं वे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की बजट घोषणाओं, कांग्रेस नगर पालिका बोर्ड के कार्यकाल तथा विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों के ही परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए भी हमने बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे जनहित के मुद्दों एवं आमजन की समस्याओं के समाधान का हरसंभव प्रयास किया। शहर में बनी सड़कें भी कांग्रेस शासन एवं कांग्रेस बोर्ड के समय स्वीकृत होकर बनी हैं। नगरपालिका में प्रशासक नियुक्त होने के बाद आमजन को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड में मतदाताओं एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं से राय-मशविरा कर ऐसे उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। जो जनता की पहली पसंद होने के साथ-साथ जिताऊ एवं टिकाऊ हों। उसे ही पार्टी स्तर पर उम्मीदवार बनाया जाएगा । कांग्रेस पूरी एकजुटता के साथ सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव लड़ेगी। बैठक को प्रभारी सुनील महला, वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र इंदौरिया, भंवरलाल जसैल, गिरधारी लाल बांगड़वा, पंडित महेश चंद्र पुरोहित, अरविंद चाकलान, कल्याण सिंह शेखावत, अजय बणसिया, निरंजन तामड़ायत, हेमंत सारस्वत, सुरेंद्र हुड्डा, शाहरुख खान एवं इलियास खान ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने कांग्रेस की एकजुटता दिखाते हुए संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनाव पूरी ताकत से लड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन भानीराम मेघवाल ने किया।

# 10 लाख का सहकार दुर्घटना बीमा क्लेम प्रदान



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** सीकर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, शाखा अजीतगढ़ द्वारा सहकार दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद के नाम स्वीकृत 10 लाख रुपये की बीमा दावा राशि उनकी धर्मपत्नी एवं नामिनी सरोज गुर्जर को शाखा परिसर में प्रदान की गई। बैंक द्वारा दावा स्वीकृत होने के उपरांत यह राशि नियमानुसार प्रदान की गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक राहुल मुरारिया ने कहा कि सहकार दुर्घटना बीमा योजना संकट की घड़ी में सदस्य एवं उनके परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद बरगढ़ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा परिवार के उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य की कामना की। बीमा दावा राशि वितरण के दौरान बैंक के कैशियर विजय मीणा, बैंकिंग सहायक नरेश माँठ तथा महेंद्र कुमार लील सहायक, राकेश कुमार पारीक समिति व्यवस्थापक, दीपेंद्र सिंह शेखावत आदि उपस्थित रहे।

सभी बैंक कार्मिकों ने सरोज गुर्जर को बीमा राशि का चेक भुगतान स्वरूप सौंपते हुए बैंक की जन हितकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

# 80 लाख की आधुनिक मशीनों का उद्घाटन और भामाशाहों का सम्मान आज



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की सेठ सूरजमल जालान राजकीय जिला चिकित्सालय के जनरल सर्जरी विभाग को लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सिस्टम, लेजर मशीन, एडवांस्ड एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, ईटीओ स्टेरिलाइजेशन यूनिट, फॉगर, आधुनिक ऑपरेशन टेबल, ब्लड वार्मर, कोटरी जैसे अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की सौगात मिलने जा रही है। भामाशाह अरुण अजीतसरिया एवं हर्ष अजीतसरिया द्वारा किशन दयाल रामेश्वर लाल चैरिटी ट्रस्ट के माध्यम से उपलब्ध कराए गए 80 लाख रुपए की राशि से अपने पूर्वजों की स्मृति में स्थापित इन मशीनों का लोकार्पण व भामाशाह परिवार का सम्मान समारोह रविवार शाम 6 बजे श्री गांधी बाल निकेतन प्रांगण में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, वरिष्ठ पत्रकार त्रिभुवन, विधायक पूसाराम गोदारा एवं पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। इसके साथ ही अस्पताल में जनरल सर्जरी की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का शुभारंभ हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के समाजसेवी एवं शिक्षाविद् स्वर्गीय चम्पालाल उपाध्याय के सेवा कार्यों से प्रेरित होकर सरकारी चिकित्सालयों को आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनके सुपुत्र एवं गांधी बाल निकेतन के सचिव राजीव उपाध्याय की ओर से संचालित मेडिकल इक्विपमेंट परियोजना के तहत इन मशीनों की स्थापना हुई है।

# निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर पांच को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा रामप्रताप एवं अंजना देवी कयाल हेल्प ट्रस्ट की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार 5 अगस्त को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 83 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों के आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रैफर किया जाएगा जहां चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। बताया गया है कि इससे पहले आयोजित 82 शिविरों में 7576 पंजीकरण, जिनमें से 2565 मरीजों की आंखों के ऑपरेशन हो चुके है। शिविर में आने वाले मरीजों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने आधार कार्ड की 2 फोटो कापी साथ लेकर आये। यह शिविर प्रत्येक माह के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है।

# गोल्डन वाटर पार्क में भारत की पहली लंदन आई थंडर स्लाइड बनी आकर्षण का केंद्र

निसं



**खाटूश्यामजी ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध आस्था नगरी खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए इस बार गर्मियों का आनंद पहले से कहीं अधिक रोमांचक हो गया है। रींगस रोड स्थित गोल्डन वाटर पार्क ने अपने नौवें सीजन में कई नए आकर्षण जोड़ते हुए मनोरंजन की दुनिया में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। इस बार पार्क में भारत की पहली लंदन आई थंडर स्लाइड शुरू की गई है, जो बच्चों, युवाओं और परिवारों के बीच आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र बनी हुई है। पार्क प्रबंधन का दावा है कि इस प्रकार की स्लाइड फिलहाल देश में केवल खाटूश्यामजी के गोल्डन वाटर पार्क में ही उपलब्ध है। हर वर्ष की तरह इस बार भी पार्क को नई थीम और आधुनिक सुविधाओं से सजाया गया है। कैलाश थीम, विशाल वेव पूल, फैमिली पूल, किड्स पूल तथा रोमांचकारी वॉटर राइड्स आगंतुकों को यादगार अनुभव प्रदान कर रही हैं। कृत्रिम समुद्री लहरों वाला वेव पूल लोगों को समुद्र जैसा रोमांच महसूस करा रहा है, वहीं बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किड्स जोन परिवारों की पहली पसंद बना हुआ है। खाटूश्यामजी में प्रतिदिन देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन करने पहुंचते हैं। दर्शन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार और मित्रों के साथ गोल्डन वाटर पार्क पहुंचकर गर्मी से राहत के साथ मनोरंजन का आनंद ले रहे हैं। धार्मिक पर्यटन के साथ मनोरंजन का यह अनूठा संगम खाटूश्यामजी आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण बन गया है। पार्क प्रबंधन ने सुरक्षा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशिक्षित लाइफगार्ड, आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, बदलने के कक्ष, लॉकर्स और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की है। पूरे परिसर की नियमित निगरानी की जाती है ताकि प्रत्येक आगंतुक सुरक्षित और सुखद वातावरण में अपनी छुट्टियों का भरपूर आनंद ले सके। गोल्डन वाटर पार्क अपनी बेहतर व्यवस्थाओं और लगातार किए जा रहे नवाचारों के कारण वर्षों से श्रद्धालुओं और पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। प्रबंधन का कहना है कि आने वाले समय में भी नई-नई राइड्स और आधुनिक सुविधाओं को शामिल कर पार्क को और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा, जिससे खाटूश्यामजी आने वाले पर्यटकों को धार्मिक आस्था के साथ विश्वस्तरीय मनोरंजन का अनुभव भी मिल सके। इन दिनों भारत की पहली लंदन आई थंडर स्लाइड देखने और उसका रोमांच अनुभव करने के लिए दूर-दूर से लोग गोल्डन वाटर पार्क पहुंच रहे हैं। यही कारण है कि नौवें सीजन में पार्क श्रद्धालुओं और पर्यटकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और प्रतिदिन अच्छी संख्या में आगंतुक यहां पहुंचकर यादगार पल बिता रहे हैं।

# जिला स्तरीय मीटिंग आज

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** स्कूल शिक्षा परिवार, राजस्थान की जिला स्तरीय निजी विद्यालय संचालकों की मीटिंग रविवार को स्टेप बाई स्टेप इंटरनेशनल स्कूल जाजोद रोड श्रीमाधोपुर में होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मीटिंग में प्रदेशाध्यक्ष डॉ अनिल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन करेंगे। रविवार को होने वाली मीटिंग की तैयारियों को लेकर स्कूल शिक्षा परिवार, ब्लॉक श्रीमाधोपुर के संचालकों की मीटिंग शनिवार को स्टेप बाई स्टेप इंटरनेशनल स्कूल श्रीमाधोपुर में हुई। इस मीटिंग में सीकर प्रदेशाध्यक्ष डॉ अनिल शर्मा के आगमन एवं संबोधन हेतु पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और आपस में विभिन्न दायित्व बाँटे गये।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** श्री बद्रीनारायण भैरवदत्त खेतान उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर दांता में विज्ञान सप्ताह (25 जुलाई से 2 अगस्त 2026) के अंतर्गत शनिवार को समाज के लिए विज्ञान विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बाल एवं किशोर वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, शहरीकरण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने, ध्वनि प्रदूषण, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव तथा स्वच्छ वायु-स्वस्थ जीवन जैसे समसामयिक पर्यावरणीय विषयों पर आकर्षक पोस्टर एवं प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना रहा। इस अवसर पर विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य, आचार्य-आचार्याओं सहित बड़ी संख्या में भैया-बहन उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# अकेले बना रही हैं ट्रैकिंग का प्लान तो इन बातों का रखें आप ख्याल



**आजकल सोलो ट्रिप का चलन लोगों के बीच काफी बढ़ता जा रहा है। काम से परेशान और जिंदगी में सुकून के पल चाहने वाले लोग अकेले ही यात्रा पर जाना पसंद कर रहे हैं। उन्हें अकेले बिना किसी चिंता के दूर-दूर तक यात्रा करना पसंद है। लेकिन अगर आप जमीनी इलाकों में अकेले यात्रा करते हैं, तो आपको ज्यादा परेशानी नहीं होती। क्योंकि आपको अस्पताल से लेकर परिवहन और खाने-पीने की सुविधाएं आसानी से मिल जाती है। अगर आप अकेले ट्रैकिंग पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको सफर के दौरान कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। पहली बार अकेले ट्रैकिंग पर जा रहे लोगों को यात्रा के समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।**



## यात्रा की योजना बनाएं

अकेले ट्रैकिंग पर जा रही हैं, तो सबसे पहले आपको अपनी यात्रा की पूरी योजना बना लेनी चाहिए। सबसे पहले आपको डिसाइड करना चाहिए कि आप कितनी दूरी की यात्रा कर सकती हैं। इसके अलावा आपको अपने खर्चों का भी बजट तैयार कर लेना चाहिए। क्योंकि आप अकेले यात्रा पर जा रही हैं, अगर बजट बढ़ गया, तो आपको पैसों की दिक्कत हो सकती है।

## जरूरत से ज्यादा सामान पैक न करें

क्योंकि आप अकेले चढाई करने जा रही हैं, इसलिए जरूरत से ज्यादा सामान लेकर न जाएं। आप एक जोड़ी एक्सट्रा कपड़े रख लें। इसमें आपको मोटे कपड़े रखने हैं, क्योंकि ऊंचाई पर जाने के बाद आपको ठंड लग सकती है। लेकिन बिना जरूरत वाली चीजें साथ लेकर न जाएं। क्योंकि कई बार लोग बहुत अधिक सामान पैक कर लेते हैं, फिर उन्हें चढाई करने में थकान होने लग जाती है। अकेले यात्रा करने वालों के लिए टिप्स काम आएंगे।

## भीड़ के साथ रहें

अकेले यात्रा करने वाले लोगों को उस तरफ चढ़ाई करनी चाहिए, जहां लोग जाते रहते हैं। अगर आप लोगों के पीछे-पीछे यात्रा करते हैं, तो परेशानी होने पर आपको सहायता मिल सकती है। इसलिए अकेले ऊंचाई पर चढ़ने से बेहतर है कि जहां लोग जा रहे हैं, वहीं आप भी जाएं। साथ ही, खाने पीने की चीजें और दवाइयां लेकर चलें।

## यात्रा की शुरुआत सुबह-सुबह करें

पहली बार ट्रैकिंग पर जा रही है और आप ऊंचाई पर जाना चाहती हैं, तो आपको सुबह ही यात्रा शुरू कर देना चाहिए। सुबह 5 बजे यात्रा की शुरुआत करें ताकि आप आराम करते हुए आसानी से ट्रेकिंग कर सके। अगर आप देर से ट्रेकिंग की शुरुआत करेंगे, तो आपको ऊंचाई पर पहुंचते-पहुंचते रात हो जाएगी।

## परिवार से संपर्क बनाए रखें

अगर आप अकेले घूमने जा रहे हैं तो आपको अपनी सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए। भले ही आप अकेले यात्रा कर रहे हों, लेकिन अपने परिवार से फोन पर बातचीत करते रहें। हो सकता है कि ऊंचाई पर जाने के बाद नेटवर्क न आए। लेकिन आप रास्ते में निशान बनाते हुए चलें। इससे आपको वापस नीचे आने में आसानी होगी।

# बिहार के मुंडेश्वरी मंदिर में दर्शन करने से पहले जान लें इससे जुड़ी कुछ बातें

अक्सर जब हम कभी घूमने जाते हैं तो सिर्फ वहां के टूरिस्ट प्लेस को ही एक्सप्लोर नहीं करते हैं, बल्कि अधिकतर लोग उस स्थान के प्रसिद्ध मंदिरों या आस्था स्थलों का दौरा भी करते हैं। लेकिन क्या आप कभी भारत के सबसे पुराने फंक्शनल मंदिर में दर्शन के लिए गए हैं। शायद ऐसे मंदिर की यात्रा करने का आपको एक अलग ही अहसास हो।

अगर आप सच में देश के सबसे पुराने फंक्शनल मंदिर का दौरा करना चाहते हैं तो आपको बिहार जाना चाहिए। बिहार के कैमूर जिले में स्थित मुंडेश्वरी मंदिर देश के सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में से एक है, जिसका निर्माण तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में हुआ था। यह भारत में सबसे लोकप्रिय शिव मंदिरों में से एक है। बड़ी संख्या में भक्तगण यहां पर दर्शन हेतु आते हैं। यह मंदिर भगवान शिव और शक्ति को समर्पित है। इस मंदिर के इतिहास व वास्तुकला अद्भुत है।



### सबसे पुराना फंक्शनल मंदिर

मुंडेश्वरी मंदिर सिर्फ धार्मिक ही नहीं, ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भी बेहद विशेष है। इस मंदिर की खास बात यह है कि इसे दुनिया के सबसे पुराने फंक्शनल हिंदू मंदिरों में से एक के रूप जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसका निर्माण शक काल के दौरान 108 ईस्वी के आसपास हुआ था।

यह करीबन 1900 वर्ष से अधिक पुराना मंदिर है। यही कारण है कि इतिहास प्रेमी भी इस मंदिर का दौरा करने के लिए अवश्य आते हैं।

### बेहतरीन अष्टकोणीय संरचना

इस मंदिर का आर्किटेक्चरल डिजाइन भी इसे बेहद विशेष बनाता है। दरअसल, मंदिर में एक असामान्य अष्टकोणीय आकृति है, जो भारतीय मंदिर वास्तुकला में अमूमन देखने को नहीं मिलती है। यह डिज़ाइन न केवल इसकी विशिष्टता को बढ़ाता है बल्कि उस समय के उन्नत वास्तुशिल्प ज्ञान को भी दर्शाता है।

### दो देवताओं को समर्पित मंदिर

मुंडेश्वरी मंदिर में भगवान शिव और शक्ति दोनों की पूजा की जाती है। यहां पर देवी को मुंडेश्वरी देवी के रूप में दर्शाया गया है। वह देवी दुर्गा का ही एक रूप हैं। इसके अलावा, मंदिर में गणेश, विष्णु और सूर्य आदि देवताओं की मूर्तियां भी हैं, जिनकी लोग पूजा करते हैं।

### एएसआई संरक्षित मंदिर

इस मंदिर की एक विशेषता यह भी है कि एएसआई यानी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने मुंडेश्वरी मंदिर को संरक्षित स्मारक के रूप में सूचीबद्ध किया है। दुनिया की सबसे प्राचीन संरचनाओं में से एक होने के कारण इसकी महत्ता कई गुना बढ़ जाती है। इसकी संरचना और कलाकृति को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# भीड़-भाड़ नहीं चाहिए तो इन शानदार हिल स्टेशन घूमने का बनाएं प्लान

आज के समय में सभी को घूमना-फिरना लगभग हर किसी को पसंद होता है। जब भी लोग कहीं घूमने जाते हैं, तो वे अपनी पसंदीदा जगह घूमने के लिए निकल जाते हैं। अगर आप भी ऐसी कोई जगह की तलाश कर रहे हैं, जहां भीड़-भाड़ न हो, शांत वातावरण हो। इसलिए कई लोग खूबसूरत जगह के साथ-साथ हिल स्टेशन की तलाश करते हैं।

## मुनस्यारी

उत्तराखंड की हसीन वादियों में स्थित यह हिल स्टेशन बेहद खूबसूरत है। अगर आप जून-जुलाई में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो मुनस्यारी आप जरुर जा सकते हैं। यह समुद्र तल से करीब 7 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर स्थित मुनस्यारी एक शांत और रोमांटिक हिल स्टेशन माना जाता है। यहां आप पार्टनर के साथ सुकून का पल बिता सकते हैं। मुनस्यारी में स्थित बिर्थी झरना, पंचाचूली चोटियां, मदकोट गांव, दरकोट गांव, बेटुली धार, माहेश्वरी कुंड और खलिया टॉप जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।



## कसोल

यह हिल स्टेशन शिमला, कुल्लू-मनाली, धमर्शाला या डलहौजी जैसे हिल स्टेशनों पर अक्सर भीड़-भाड़ रहती है। कसोल एक ऐसा हिल स्टेशन है, जहां भीड़ कम रहती है और यहां की खूबसूरती का अलग ही नजारा होता है। यहां पर ऊंचे-ऊंचे पहाड़, घने जंगल, देवदार के बडे-बड़े पेड़ और झील-झरने के बीच में सुकून का पल बिता सकते हैं।

## माथेरान

यह एक शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन एक्सप्लोर करने की बात होती है, तो उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र का माथेरान हिल स्टेशन भी खूबसूरती के मामले कम नहीं है। जुलाई के दौरान माथेरान की खूबसूरती चरम पर होती है। यहां आप सुकून के पल बिता सकते हैं। माथेरान को टॉप मानसून डेस्टनेशन भी माना जाता है। यहां आप इसा पॉइंट, चार्लोट झील, मंकी पॉइंट, शिवाजी सीढ़ी और पैनोरमा पॉइंट जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## पेलिंग

यह हिल स्टेशन नॉर्थ इस्ट इंडिया में मौजूद है। सिक्किम में स्थित पेलिंग भी एक ऐसा हिल स्टेशन है, जहां घूमना हर किसी का सपना हो सकता है। समुद्र तल से करीब 7 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद पेलिंग प्रकृति प्रेमी के लिए हसीन जन्नत है। पेलिंग में आप सुकून का पल बिताने के साथ-साथ एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकती है।

# शिमला के पास मौजूद इन गांवों की खूबसूरती देख पल में हो जाएंगे दीवाने, प्लान करें ट्रिप



भारत में शिमला, कुल्लू, मनाली और नैनीताल जैसे डेस्टिनेशन सबसे ज्यादा फेमस हैं। इन खूबसूरत हिल स्टेशनों का दीदार करने भारत के हर कोने से लोग आते हैं। लेकिन गर्मियों में इन हिल स्टेशनों पर पर्यटकों की अधिक भीड़ होती है। क्योंकि इस दौरान यहां पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। जिसके कारण यहां पर स्टे में समस्या, महंगा सामान और घंटों जाम में फंसना पड़ता है। इस वजह से ट्रिप का पूरा मजा खराब हो जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन फेमस डेस्टिनेशन के पास कई ऐसी जगहें हैं, जहां की प्राकृतिक सुंदरता और शांत माहौल आपको सुकून देती है।

**शिमला में ट्रिप :** भारत में प्राकृतिक खूबसूरती से घिरे कई टूरिस्ट स्पॉट हैं। वहीं शिमला में पर्यटकों का पूरे साल आना-जाना लगा रहता है। यहां के बादल और बर्फ से ढके पहाड़ शिमला को अट्रैक्टिव बनाते हैं। दिल्ली समेत कई इलाकों से यहां पर काफी कम समय में पहुंचा जा सकता है। वैसे आप शिमला में मौजूद गावों की सैर कर अपने ट्रिप को यादगार बना सकते हैं।

**कोटगढ़ गांव :** कोटगढ़ गांव सेब के बगीचों के लिए काफी फेमस है। यह गांव एक शांत और खूबसूरत जगह है। यहां पर सेब के अलावा एप्रीकॉट, प्लम्स, चैरी और दूसरी हेल्दी चीजें भी उगाई जाती हैं। इसके साथ ही आप यहां पर सेंट मैरी चर्च देखने जा सकते हैं। बता दें कि इस चर्च को साल 1872 में बनाया गया था। इस स्थान पर तन्नी जुब्बर झील मौजूद है, जोकि पहाड़ों से घिरी है। इस झील के पास एक छोटा सा जंगल है। यहां पर जून महीने में तन्नी जुब्बर मेला का आयोजन होता है।

**हाटू पीक :** यह जगह हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में मौजूद है। इसकी ऊंचाई समुद्र तल से 3400 मीटर है। यह पूरी जगह मेपल और शंकुधारी पेड़ से घिरा हुआ है। यहां कोटगढ़ के अलावा हाटू पीक को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप कोटगढ़ में बर्फ से ढकी हिमाचल की चोटियों को देखने का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां पर बड़े अट्रैक्शन प्वाइंट्स में से एक सेब के बगीचों को देख सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर चतुर्मुख देवता मंदिर में दर्शन भी कर सकते हैं।

# आज भी मौजूद है मुमताज महल की बहन का मकबरा, रोचक रहा है इतिहास

**इस देश में कई राजवंशों ने राज किया है...यही वजह है कि इस देश में कई ऐसे मशहूर और पुराने मकबरे हैं, जिन्हें देखने पर यह साफ पता लगता है कि इन्हें कितनी कलाकारी और मोहब्बत से तैयार किया गया है। यही वजह है कि भारत में देश-विदेश से लोग घूमने के लिए आते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि आज भी भारत के कई ऐसे सैकड़ों साल पुराने मकबरे हैं, जिनकी वास्तुकला विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं जैसे- ताजमहल, लाल किला, हुमायूं का मकबरा आदि। मगर क्या आपको पता है कि इन सुंदर इमारतों और स्मारकों के बीच एक ऐसा मकबरा है, जिसके बारे में बहुत ही कम लोग जानते हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं मुमताज महल की बहन परवर खानम के मकबरे की बात कर रहे हैं।**

## परवर खानम के बारे में

बेगम शाह परवर खानम मुमताज महल की सगी छोटी बहन थीं। खानम शेख इब्राहिम की पत्नी थी, जिसे मोहतशिम खान और फरीद शेख भी कहा जाता है। मोहतशिम खान बदायूं के गवर्नर कुतुबुद्दीन कोका का बेटा था। कहा जाता है कि वह सम्राट का सचिव था और बाद में बंगाल प्रांत का गवर्नर भी रहा। इससे पता चलता है कि शाही दरबार में उसका काफी दबदबा था कोका भी एक प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखते थे।

## मकबरे के बारे में

आपको जानकर हैरानी होगी कि शेखूपुर किले के निर्माण के कुछ समय बाद नवाब फरीद ने किले के सामने अपनी ही बेगम शाह परवर खानम के लिए अंतिम आरामगाह का निर्माणकराया गया है। यह मकबरा एक वक्त पर बहुत ही खूबसूरत हुआ करता था, क्योंकि यह मकबरा सोत नदी के किनारे है।

बेगम शाह परवर खानम मुमताज महल की सगी छोटी बहन थीं। 1660 ईस्वी में मकबरे का निर्माण हुआ। इतिहास के मुताबिक मकबरे में चार कब्रें हैं, जिसमें से एक बेगम की है। हालांकि, बाकी तीन कब्र किसकी है इसके बारे में विस्तार से हम नहीं जानते हैं।



**मकबरे की वास्तुकला के बारे में**-इसकी मकबरे को ताजमहल की तरह बनवाने की कोशिश की गई है, लेकिन यह सातवां अजूबा बनने में नाकाम रहा। इस ढांचे के सेंटर में लाल पत्थर से बना एक बड़ा सा मकबरा है, जो एक ऊंचे चबूतरे पर बना है। इसके किनारों पर धनुषाकार प्रवेश द्वार हैं। मेहराब से होकर जाने पर एक गलियारा मिलता है, जो एक सेंट्रल रूम के चारों ओर चलता है। इस केंद्रीय कक्ष के बीच में एक स्टेज और उसके चारों ओर कई कब्रें बनी हुई दिखाई देते हैं। इसमें से एक परवर की है।

**इतिहास में दो बहनों की नियति में इतना बड़ा अंतर**-हमारे इतिहास में मुमताज महल को कौन नहीं जानता, यह वही शख्सियत हैं जिनके लिएताजमहल का निर्माण किया गया था। दुनिया के कोने-कोने से लोग ताज का दीदार करने के लिए आते हैं। वहीं, दूसरी तरफ इस खूबसूरत इमारत लगभग 170 किमी दूर बदायूं के शेखूपुर में एक खंडहर है, जो मुमताज महल की बहन का है। एक बहन का मकबरा ऐसा कि दुनिया भर के लोग उसे निहारने आते हैं और एक बहन ऐसे खंडहर में चिर निद्रा में लीन है, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। अगर आप अलग हटकर देखना पसंद करते हैं, तो इस मकबरे का दीदार करने के लिए जा सकते हैं।

# हिमाचल की राजगुंधा वैली नहीं घूमा तो फिर आपका घूमना है बेकार



हिमाचल प्रदेश देश का एक खूबसूरत और लोकप्रिय राज्य है। यह खूबसूरत राज्य पूरे विश्व में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में भी प्रसिद्ध है। हिमाचल प्रदेश की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि यहां हर मौसम में लाखों देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। हिमाचल में किसी वैली में घूमने की बात होती है, तो कई लोग स्पीति वैली, बसपा वैली, पार्वती घाटी और सांगला घाटी ही घूमने के लिए जाते हैं। हिमाचल की हसीन में मौजूद राजगुंधा वैलीभी एक ऐसी वैली है, जिसके बारे में बहुत कम लोग ही जानते होंगे।

### राजगुंधा वैली कहां है :

राजगुंधा वैली की खासियत जानने से पहले यह जान लेते हैं कि यह वैली हिमाचल में कहां मौजूद है। यह कांगड़ा जिले में पड़ता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि राजगुंधा वैली हिमाचल के बरोट से लगभग 20 किमी की दूरी पर मौजूद है और बिलिंग से राजगुंधा की दूरी करीब 16 किलोमीटर है। आपको यह ही बता दें कि राजगुंधा वैली से बीर की ट्रेकिंग सैलानियों के बीच खूब प्रसिद्ध है। इसके अलावा हिमाचल के बैजनाथ से राजगुंधा वैली की ट्रेकिंग भी रोमांचक खास मानी जाती है।



### राजगुंधा वैली की खासियत :

राजगुंधा वैली की खासियत जानने के बाद यहां घूमने आप मजबूर हो जाएंगे। जी हां, समुद्र तल से करीब 3 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद राजगुंधा वैली किसी हसीन जन्नत से कम नहीं है। यहां का आकाशीय नजाराआपको चंद मिनटों में दीवाना बना सकता है। बर्फ से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, देवदार के बड़े-बड़े पेड़, भरे-भरे जंगल और झील-झरने इस वैली की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। राजगुंधा वैली के किनारे से बहने वाली उहल नदी इसकी खूबसूरती का सबसे बड़ा खजाना है।

### राजगुंधा वैली सैलानियों के लिए क्यों खास है :

राजगुंधा वैली सैलानियों के बीच खूब लोकप्रिय है। यह प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी हसीन जन्नत से कम नहीं है। यह एक शांत जगह है, इसलिए यहां कई पर्यटक सुकून का पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। राजगुंधा वैली की खूबसूरती जिस तरह प्रसिद्ध है, ठीक उसी तरह एडवेंचर एक्टिविटीज के लिए भी प्रसिद्ध है। इस वैली में कई लोग यह सिर्फ ट्रेकिंग और कैम्पिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। यह आप पलाचक, बारा भंगाल का ट्रेक करने हर दिन दर्जनों पर्यटक पहुंचते हैं। यहां की हरियाली भी सैलानियों को खूब आकर्षित करती है। इसके अलावा राजगुंधा गांव भी सैलानियों को खूब आकर्षित करता है।



### राजगुंधा वैली के आसपास घूमने की बेस्ट जगहें

राजगुंधा वैली के आसपास घूमने के लिए एक से एक बेहतरीन और मनमोहक जगहें मौजूद हैं। इन जगहों पर घूमने के साथ-साथ आप रोमांचक गतिविधियों का भी लुत्फ उठा सकते हैं। राजगुंधा वैली से करीब 20 किमी दूरी पर मौजूद बरोट और करीब 16 किमी की दूरी पर मौजूद बिलिंग जैसी शानदार जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ ही दूरी पर मौजूद बैजनाथ भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### राजगुंधा वैली कैसे पहुंचें

राजगुंधा वैली पहुंचना बहुत ही आसान है। इसके लिए आप सबसे पहले बरोट पहुंच सकते हैं। बरोट से टैक्सी या कैब लेकर राजगुंधा वैली जा सकते हैं। इसके अलावा आप बीर बिलिंग पहुंचकर भी राजगुंधा वैली जा सकते हैं। बिलिंग से भी टैक्सी या कैब लेकर राजगुंधा वैली जा सकते हैं।

## पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामगंज थाना क्षेत्र के पतंग वालों के मोहल्ले में शनिवार सुबह दिनदहाड़े एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। हमले के बाद आरोपी ने खुद के हाथ पर भी चाकू से वार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थानाधिकारी सुरेंद्र यादव ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे किसी बात को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपी बशीर उर्फ बाबा ने मोहसिन पर चाकू से हमला कर उसकी गर्दन और गाल पर वार किए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया और घायल मोहसिन को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस हमले के कारणों की जांच कर रही है। घायल मोहसिन का अस्पताल में उपचार जारी है।

## दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अवैध डोडा पोस्त सहित एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली सीआई मुकेशचन्द्र ने बताया कि आरोपी साहबसिंह निवासी महता, पंजाब को मेगाहाईवे से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 720 अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद किया गया है। इसी प्रकार स्थायी वारंटी कैलाशचंद निवासी बिसरासर, जिला हनुमानगढ़ को रतनगढ़ बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है।

## मारपीट व धमकाने का आरोप

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में एक विवाहित महिला ने मामला दर्ज करवाकर बताया है कि गाड़ी की बात को लेकर आरोपी रफीक खां, बशीर खां, मेराज खां, अरबाज खां मेरे घर में नाजायज रूप से प्रवेश किया। प्रार्थिया का आरोप है कि आरोपियों ने मुझे धमकाया और पत्थर फेंके तथा लज्जा भंग करने का प्रयास किया। मामले की जांच एएसआई तेजाराम कर रहे हैं।

## बाइक सवार दो युवक हुए घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शनिवार दोपहर में सुजानगढ़ छापर रोड पर मारुती शोरूम के सामने अल्टो कार ने सुजानगढ़ साइड आ रही मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे पुखराज मेघवाल, टीकूराम मेघवाल घायल हो गए। अमजद खान कायमखानी की मदद से सुजानगढ़ अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अल्टो सवार गाड़ी छोड़कर भागने लगे तो आसपास के लोगो नें उन्हें पकड़ लिया। सूचना पर सुजानगढ़ कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी टाउनशिप के थर्ड सेक्टर स्थित राजपूत धर्मशाला में रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। एडवोकेट अनूप सिंह ने बताया कि डेविड सैनी की याद में राजपूत धर्मशाला में रविवार सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक कल्याणी सेवा समिति जयपुर के सौजन्य से पांचवां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

## पूर्व भाजपा नेता जाकिर झुनझुनूवाला बने जिला कांग्रेस प्रवक्ता

रघुवीर जोशी



**मण्डावा ( नवयत्न )।** नूआं निवासी जाकिर झुनझुनूवाला को जिला कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रीटा चौधरी की सहमति से प्रदेश संगठन महामंत्री ललित तूनवाल द्वारा की गई। झुनझुनूवाला पूर्व में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं और बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। वे एक प्रखर वक्ता व समाजसेवी के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। उनकी इस नियुक्ति से सर्वसमाज में खुशी की लहर है।

## तेजाजी मंदिर निर्माण के लिए 51 हजार रुपए व सामग्री देने की घोषणा



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** क्यामसर में निर्माणाधीन तेजाजी महाराज मंदिर के लिए 51 हजार रुपए नकद और निर्माण सामग्री देने की घोषणा करने पर तेजा भक्त एवं गढ़वाल इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के प्रोपराइटर अशोक गढ़वाल का राष्ट्रीय जाट महासंघ ने सम्मान किया। महासंघ के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोयल, शहर ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार विजय सिंह बेनीवाल, ब्लॉक प्रभारी सुभाषचंद्र पूनियां तथा ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजलाल लोयल ने अशोक गढ़वाल का साफा व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि जनसहयोग से क्यामसर में तेजाजी महाराज का भव्य मंदिर निर्माणाधीन है। प्रस्तावित मंदिर का शिखर 165 फीट ऊंचा होगा, जिसे देश के सबसे ऊंचे तेजाजी मंदिरों में शामिल करने का लक्ष्य है। मंदिर निर्माण में समाज के लोगों का तन, मन और धन से लगातार सहयोग मिल रहा है।

## शोरूम में घुसे चोर, शीशे का गेट तोड़कर कैश काउंटर से नकदी लेकर फरार

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** मुक्ताप्रसाद थाना क्षेत्र में स्थित एक ऑटो शोरूम में देर रात बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर दीवार फांदकर शोरूम में घुसा और कैश काउंटर से 5 लाख 25 हजार रुपये नकद चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवादी पंवारसर कुआं, पुरानी गिन्नाणी निवासी गौरीशंकर गहलोत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह नाल रोड स्थित ब्रोज ऑटो व्हील्स शोरूम में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछली 30 जुलाई की रात करीब 12 से 1 बजे के बीच अज्ञात बदमाश शोरूम की दीवार फांदकर अंदर घुसा।

# पंचायत व निकाय चुनावों में कांग्रेस लहरायेगी परचम : मनोज मेघवाल

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय जय निवास पर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल ने देहात और शहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली और कहा कि निकाय व पंचायत चुनावों में सुजानगढ़, बीदासर में प्रधान और चेयरमैन कांग्रेस का बनावें। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द मतदाताओं की सूची को दुरुस्त करवाकर आरक्षण निकाले जाने के बाद योग्य प्रत्याशी को पार्टी के केंडिडेट बनवाकर कांग्रेस के जनप्रतिनिधि बनावें। बैठक के दौरान चुनावी रणनीति, संगठनात्मक गतिविधियों और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक मनोज मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावों के मद्देनजर सबसे पहला और प्रमुख कार्य मतदाता सूची को सही व अपडेट करवाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि न्यायालय के निर्देशों के बाद चुनाव का संभावित कार्यक्रम सामने आने से कार्यकर्ताओं व आमजन में नया उत्साह बना है। उन्होंने भरोसा जताया कि सुजानगढ़ सहित पूरे चूरू जिले में कांग्रेस निकाय व पंचायत चुनावों में मजबूती से चुनाव लड़कर दमदार प्रदर्शन करेगी। विधायक मेघवाल ने बताया कि सुजानगढ़, बीदासर और देहात क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों, पूर्व सरपंचों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग दौर की बैठकें ली गई हैं। बैठक के दौरान विधायक ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की ओर से चुनाव कराने में की जा रही देरी के कारण कार्यकर्ताओं और आमजन में निराशा का माहौल बन रहा था लेकिन अब चुनावी हलचल तेज होने से संगठन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। कांग्रेस नेता विद्याधर बेनीवाल ने कहा कि पिछली बार हमारा एक सदस्य लालगढ़ में एक वोट से हारा और हमारी पंचायत समिति नहीं बन पाई। इन पांच सालों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के काम पंचायत समिति में नहीं हुए। इसलिए हमें हर हाल में इस बार पंचायत समिति बनानी है। बैठक में प्रभारी दिनेश कस्वां, विक्रम स्वामी, नगर अध्यक्ष रामावतार मंगलहारा, देहात अध्यक्ष नरेन्द्र बेनीवाल, वरिष्ठ नेता विद्याधर बेनीवाल, पूर्व प्रधान गणेश ढाका, निवर्तमान उप सभापति अमित मारोठिया, ओबीसी प्रदेश सचिव बजरंग सेन, कांग्रेस नेता हितेष जाखड़, मुकुल मिश्रा, सिराज खान, यूनुस खान, लक्ष्मीनारायण प्रजापत, रेखाराम मेहरड़ा, अविनाश लीलड़, प्रमिला राठी, डॉ रामेश्वर दुसाद, नरपत गोदारा, महेश पारीक, मनसुख गोदारा, विजयपाल चाहर, रूपाराम कस्वां, रामचंद्र गोदारा, आनंद सिंह, हरदेवाराम, विकास सारण, मनीराम सारण, मदन सोनी, इकबाल खान कायमखानी, शंकर स्वामी, मनोज मितल, मो. असलम मौलानी, राजकुमार इंदौरिया, रिजवान कूकड़ा, फारूक भुट्टा, आवेश राव, आसिफ खान नसवाण, मधु बागरेचा, सुनीता रावतानी, आसिफ अली चौहान, मनोज गुलेरिया सहित अनेक शहरी व देहात कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आश्वासन के बाद धरना स्थगित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड नं 26 के निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि विद्याप्रकाश बागरेचा द्वारा कीचड़ में धरना देकर जन समस्याओं के समाधान की मांग करने के मामले में कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार, सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी मौके पर पहुंचे तथा मलबे को वहीं पर समतल करवाया। विद्याप्रकाश बागरेचा ने बताया कि अवैध मलबा डलवाकर रास्ते बाधित करने वाले व्यक्ति को नगरपरिषद की ओर से अंतिम नोटिस भी दिया गया है तथा जल्द नाली निर्माण और पेचवर्क का आश्वासन दिया गया है। इस आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। बागरेचा ने बताया कि अगर जल्द ही जन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो फिर से धरना दिया जायेगा। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर विपरीत कमेंट करने वालों पर भी तंज करते हुए बागरेचा ने कहा कि भगवान उनका भला करेगा।

## मुक्तिधाम में बना आधुनिक विश्राम गृह



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए एक विश्राम गृह का निर्माण कराया गया है। सोनी समाज के किशनलाल सोनी ने अपने माता-पिता गीता देवी एवं प्रहलाद राय सोनी तथा पुत्र संदीप सोनी की पुण्य स्मृति में इस विश्राम गृह का निर्माण करवाकर समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। विश्राम गृह के निर्माण से अब मुक्तिधाम में आने वाले ग्रामीणों को धूप, बारिश और अन्य मौसम की परिस्थितियों से राहत मिलेगी। अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों एवं उपस्थित लोगों के बैठने और विश्राम की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। ग्रामीणों ने इस जनहितकारी कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के निर्माण कार्य सामाजिक सरोकार और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। परिजनों ने बताया कि अपने स्वजनों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से यह विश्राम गृह बनवाया गया है ताकि इसका लाभ वर्षों तक पूरे गांव के लोगों को मिलता रहे। ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

# वीडियो बनकर हुए सेवानिवृत्त अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रेम शर्मा

नवरतन वर्मा




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय पंचायत समिति में कार्यरत अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रेम कुमार शर्मा अपनी 42 वर्ष की राजकीय सेवा निवृत्त होने वाले दिन ही उनका विकास अधिकारी के रूप में प्रमोशन होने पर पंचायत समिति परिसर में विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास, अतिरिक्त चीफ इंजीनियर रामनिवास, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, मालीराम सारस्वत, सेवानिवृत्त विकास अधिकारी दुर्गाराम पारीक सहित कई मंचस्त अतिथियों ने उनका अभिनंदन करते हुए साफा बांधकर, शोल उढ़ाकर व अभिनन्दन पत्र भेंट किया। इस अवसर विजेन्द्र सिंह, पवनसिंह कुसुमदेसर, मोहनसिंह, चन्द्र प्रकाश बुडानिया, दलीप सोनी, सफी मोहम्मद सहित कई वक्ताओं ने उनके कार्य शैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन्होंने अपने कार्यकाल में अपने कार्य के प्रति सदैव गंभीर रहें व आपसी सहयोग के साथ कार्य किया, जो सदैव याद रखा जाएगा। सेवानिवृत्त विकास अधिकारी प्रेम शर्मा ने कहा कि मैंने अपने 42 वर्ष के कार्यकाल में पंचायत समिति के स्टाफ का परिवार जैसा माहौल मिला। मैंने अपने कार्य के प्रति कभी कोताही नहीं बरती। पंचायत समिति का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में विकास लिए सरकार के बीच की कड़ी है अतः इसमें राजनीति का दबाव रहता है लैकिन मैंने सही कार्य को प्राथमिकता के साथ करता था, जिससे हमेशा सामंजस्य बना रहता था, जिसकी बदौलत ही मैंने अपना कार्यकाल रतनगढ़ पंचायत समिति के अधिन पूर्ण किया। आज सभी अधिकारियों व स्टाफ सदस्य का मेरा साथ अच्छा व्यवहार रहा उसके लिए मैं सभी का आभारी रहूंगा। इस अवसर पर सोहनलाल त्रिवेदी, भंवरलाल पूनिया, बनवारी लाल बील, संजय भोजक, शंकर लाल सेवदा, गोपाल कृष्ण शर्मा, गजानंद चोटिया, ओमप्रकाश चौधरी, श्याम सुंदर जोशी, आषुतोष पुरोहित, पंकज जोशी सहित कई गणमान्यजन व पंचायत समिति स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंचिय संचालन मनोज चारण ने किया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां शुरू, निजी स्कूलों के संस्था प्रधानों के साथ हुई बैठक

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निजी शिक्षण संस्थाओं के संस्था प्रधानों और संचालकों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार सैनी और विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार मौजूद रहे। बैठक में करीब डेढ़ दर्जन निजी शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, पूर्व तैयारियों और विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले विषय शिक्षकों, कर्मचारियों तथा प्रत्येक निजी शिक्षण संस्था के एक संस्था प्रधान को प्रशस्ति पत्र देकर स मानित करने पर सहमति बनी। बैठक में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के व्या याता कनखाराम, राजेंद्र सिंह, भामाशाह प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीनारायण बड़दीवाल, ललित जोशी सहित निजी शिक्षण संस्थाओं के संस्था प्रधान और संचालक उपस्थित रहे।

## आईएएस में चयनित गोदारा ने प्रिंस कॉलेज में दिये सक्सेस टिप्स

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस कॉलेज सिविल सर्विसेज विंग में सिविल सर्विसेज कॅरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता यूपीएससी सीएसई-2025 में चयनित सूर्य गोदारा रहे। उन्होंने यूपीएससी एग्जाम में अपनी सक्सेस स्टोरी शेयर करते हुए विद्यार्थियों को यूपीएससी तैयारी की स्ट्रेटजी एवं सक्सेस टिप्स दिये। साथ ही प्रीवियस ईयर क्वेश्चन पेपर्स पर विशेष ध्यान देने, न्यूजपेपर रीडिंग, राइटिंग स्किल्स व पर्सनैलिटी ग्रूमिंग पर कॉलेज प्रथम वर्ष से ही फोकस करने का आह्वान किया। सेमिनार के बाद सिविल सर्विसेज पैपर्स की तैयारी पर स्टूडेंट्स से सीधा संवाद करते हुए विभिन्न विषयों को बारीकी से समझाया। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर एचएस पिलखवाल, डॉ मनीष यादव, लेफ्टिनेंट निरुपम सुण्डा, कुलदीप सिंह, कृष्ण शर्मा, अनिल शर्मा सहित समस्त व्याख्याता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक मामला, मुख्य बिचौलिया गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा-2022 के पेपर लीक प्रकरण में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के एक और मुख्य बिचौलिये को गिरफ्तार किया है। एसओजी ने नागौर जिले के कुचेरा थाना क्षेत्र स्थित कसनियों का बास देशवाल निवासी सुरेश कासनिया को गिरफ्तार कर उससे गहन पूछताछ शुरू कर दी है। जांच एजेंसी को पूछताछ से पेपर लीक नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि पुलिस थाना एसओजी में दर्ज प्रकरण में आरोपी सुरेश कासनिया को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा-2022 का प्रश्न-पत्र निर्धारित तिथि और समय से पहले लीक करने के प्रयास में आरोपी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जांच के अनुसार सुरेश कासनिया ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराने और उसकी तैयारी कराने का लालच दिया। इसके बदले परीक्षार्थियों से अवैध रूप से मोटी रकम वसूली गई। आरोपी अभ्यर्थियों और पेपर लीक गिरोह के बीच संपर्क स्थापित कर धनराशि के लेनदेन में अहम भूमिका निभा रहा था। एसओजी की जांच में सुरेश कासनिया की भूमिका पूरे नेटवर्क में मध्यस्थ के रूप में सामने आई है। वह प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराने वाले गिरोह और अभ्यर्थियों के बीच कड़ी बनकर काम करता था तथा अवैध लेनदेन का समन्वय करता था। एजेंसी अब उसके जरिए पूरे नेटवर्क की अन्य कड़ियों को खंगाल रही है। इस प्रकरण में एसओजी इससे पहले प्रदीप कासनिया और बृजेन्द्र सांगवा उर्फविज्जू को गिरफ्तार कर चुकी है। सुरेश कसटनिया की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है।

एसओजी अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर पेपर लीक गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है।

## भीमसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर आज रक्तदान कैम्प और नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच भी होगी

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** स्वर्गीय भीमसिंह शेखावत की सातवीं पुण्यतिथि पर रविवार को भावठड़ी गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में रक्तदान के साथ विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर के दौरान नेत्र एवं दंत रोगों की जांच, आधुनिक मशीनों से आंखों की स्क्रीनिंग, मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पंजीकरण तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी परामर्श की सुविधा रहेगी। आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष पुनित बड़गुजर ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने लोगों से समाजहित में आगे आकर रक्तदान करने का आह्वान किया।


### नाम परिवर्तन

मैं जायदा बानो पत्नी कयुम अली जाति कायमखानी निवासी ग्राम पोस्ट नूंआ तहसील मण्डावा जिला झुन्झुनू (राज.)। मेरे नाम से एक HDFC LIFE INSURANCE POLICY NO. 14653285 है जिसमें मेरा नाम JAYADA BANO W/O. QAYOOM ALI दर्ज है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम JAHIDA BANU दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के है भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद के लिए मैं स्वयं जिम्मेवार रहुंगी।

### नाम परिवर्तन

मैं अजिम पत्नी मो. हुसैन निवासी वार्ड संख्या 10 माखर पोस्ट इस्लामपुर तहसील व जिला झुंझुनू (राज.)। मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम अजीम बानो (AJIM BANO) व उसकी जन्मतिथि 14.10.2008 दर्ज हो गई। जबकि मेरा सही नाम अजिम (AZIM) व पुत्र की सही जन्मतिथि 14.06.2008 है भविष्य में इन्हें ही सही माना जावें व मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

**हैतुक दर्शित करने के लिये सूचना**
**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी**
**झुन्झुनू**
**सांवरमल आदि बनाम ओमप्रकाश आदि**
**अन्तर्गत धारा 251 ( क ) राज. काश्तकारी अधिनियम**
**मु. नं. 8/2021**

प्रेषित:-

1. औमप्रकाश पुत्र हणमान
2. पुरुषोतम पुत्र हीरालाल
3. पवन पुत्र हीरालाल
4. रविकान्त पुत्र बुद्धराम
5. मनीष पुत्र बुद्धराम
6. संदीप पुत्र बुद्धराम
7. चीनू पुत्र बुद्धराम
8. सुनील पुत्र बनवारीलाल
9. राजू पुत्र बनवारीलाल
10. पुष्पा पुत्री बनवारीलाल
11. रंजना पुत्री बनवारीलाल

समस्त जाति नाई निवासी बिसनपुरा तहसील व जिला झुन्झुनू
उक्त सांवरमल बिसनपुरा आदि ने इस न्यायालय में धारा 251 (क) राज. काश्तकारी अधिनियम के तहत आपके खिलाफ आवेदन पत्र पेश किया है। अत: आपको सूचना दी जाती है कि आप उस आवेदन पत्र के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये दिनांक 20/08/2026 को 10:00 पूर्वान्ह में स्वंय या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगें तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। उक्त इस्तिहार दिनांक 3581/31-7-26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर वास्ते प्रकाशन अखबार जारी किया गया।

**सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी**
**झुंझुनू ( राज. )**

# संगठन की ताकत से बनेगा नगर निगम में कांग्रेस का बोर्ड : मदन गोपाल मेघवाल

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** जिला कांग्रेस कमेटी बीकानेर शहर कार्यालय में आगामी निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिला कांग्रेस कमेटी बीकानेर शहर के प्रवक्ता भीखाराम मेघवाल ने बताया कि बैठक का उद्देश्य आगामी निकाय चुनावों की रणनीति तैयार करना, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना तथा कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों के लिए सक्रिय करना था। बैठक की मुख्य वक्ता एवं अनूपगढ़ विधायक शिमला नायक ने कहा कि आगामी निकाय चुनावों में सभी कांग्रेसजन एकजुट होकर कार्य करें तथा आमजन की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाएं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर बीकानेर नगर निगम में कांग्रेस का बोर्ड बनाया जाएगा।

### नगर निगम चुनाव की तैयारियों बाबत बैठक

जिलाध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि निकाय चुनावों में जमीनी स्तर पर सक्रिय एवं जीत सुनिश्चित करने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्षों से संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों के कारण बीकानेर शहर की व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं, जिससे आमजन परेशान हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाते हुए पार्टी की जनहितकारी नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। बीकानेर पूर्व से कांग्रेस प्रत्याशी यशपाल गहलोत एवं प्रदेश महासचिव जिया



उर रहमान आरिफ ने कहा कि इस बार कांग्रेस मजबूत स्थिति में है और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों से नगर निगम में कांग्रेस का बोर्ड बनना तय है।

बैठक को पूर्व महापौर मकसूद अहमद एवं नेता प्रतिपक्ष चेतना चौधरी ने भी संबोधित किया तथा कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। बैठक में सलीम भाटी, गजेन्द्र सिंह सांखला, प्रदेश प्रवक्ता साजिद सुलेमानी, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोढ़ा, जाकिर हुसैन नागौरी, शहजाद भुट्टो, सुमीत कोचर, सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष कलम कल्ला, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण व्यास, बाबू भाई गुलाम मुस्तफा, अरविंद मिठ्ठा, हजारी मल देवड़ा, अनील व्यास, उमा सुथार, शशिकला राठौड़, हसन अली,, प्रफ्फूल हाटीला, हेमंत किराडू, रमजान कच्छावा, सुभाष स्वामी, मनोज चौधरी, प्रेमरतन जोशी, मनीष जोशी, दिलीप बांठिया, तोलाराम सियाग, आशा स्वामी, अहमद अली भाटी, मेहबूब अली रंगरेज, समस्त मंडल अध्यक्ष व वार्ड सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने के 4 आरोपी रिमांड पर



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सदर थाने की पुलिस टीम की गाड़ी को वाहन से टक्कर मारने के मामले में जांच अधिकारी कोतवाली थाने के सीआई मुकेशचंद ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली सीआई मुकेश चंद ने बताया कि मामले में उपचाराधीन चल रहे तीनों आरोपियों कमलेश सिंह निवासी मुवाला की ढाणी, अशोक मीणा निवासी सांगरवा, रमन उर्फ रामस्वरूप निवासी चन्द्रपुरा को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पहले से ही एक आरोपी राकेश गिरफ्तार है। कोतवाली सीआई ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से सभी को दो दिन के रिमांड पर रखे जाने के आदेश मिले हैं। कोतवाली सीआई ने बताया कि आरोपियों की बोलेरो कैंपर गाड़ी से पुलिस को पांच मोबाईल और एक देशी कट्टा बरामद किया गया था। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों तथा तथ्यों की जांच में जुटी हुई है।

## श्री कल्याणजी डिग्गीपुरी की लक्खी पदयात्रा 18 अगस्त से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान श्री कल्याणजी महाराज डिग्गीपुरी की 61वीं ऐतिहासिक लक्खी पैदल पदयात्रा 18 अगस्त को चौड़ा रास्ता स्थित श्री ताड़केश्वर महादेव मंदिर से सुबह नौ बजे रवाना होगी। पैदल यात्रा 18 अगस्त मद्रामपुरा के बालाजी, 19 अगस्त को हरसूलिया, 20 अगस्त को फागी, 21 अगस्त को चौसला में रात्रि विश्राम करते हुए 22 अगस्त को श्री कल्याण महाराज के निजधाम डिग्गी धाम पहुंचेगी। यात्रा के अध्यक्ष एवं संचालक श्रीजी शर्मा लोहे वाले ने बताया कि वर्ष 1964 में पदयात्रा का शुभारंभ दिवंगत हो चुके रामेश्वर लाल शर्मा लोहे वाले ने किया था। तब से यह धार्मिक यात्रा निरंतर श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ संचालित होती आ रही है। विशेष बात यह है कि जिस ऐतिहासिक गाड़ी से वर्ष 1964 में इस पदयात्रा का शुभारंभ हुआ था, वही गाड़ी आज भी यात्रा के साथ रहती है। उसका पंजीकरण क्रमांक आरएसएल-0093 है, जो इस गौरवशाली परंपरा का साक्षी है। श्रीजी शर्मा ने बताया कि यह लगभग 24 कोस की पैदल यात्रा जयपुर से प्रारंभ होकर डिग्गी धाम स्थित भगवान श्री कल्याणजी महाराज के निजधाम तक पहुंचती है। यात्रा में प्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु, महिला एवं पुरुष उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। भजन-कीर्तन, जयघोष और भक्तिभाव के साथ श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए भगवान श्री कल्याणजी के दर्शन के लिए डिग्गी धाम पहुंचते हैं।

## वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** बैंक ऑफबड़ौदा द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्र तारानगर द्वारा ढाणी मोतीसिंह में वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सेंटर मैनेजर दलजीत सिंह ने साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए बताया की किसी भी प्रकार की ठगी, फोन पर धमकाने, ब्लैक मेल, डिजिटल अरेस्ट की शिकायत हमें 1930 पर अपनी तुरंत दर्ज करवानी चाहिए ताकि आर्थिक नुकसान से बचा जा सकें। रीकेवाईसीए सी केवाईसीए सुरक्षित लेनदेन, डिजिटल अरेस्ट, मोबाइल वॉलेट, किसी को भी सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर नहीं करनी चाहिए अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए।

इसके साथ ही अटल पेंशन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि 18से 40वर्ष का कोई भी व्यक्ति जो आयकर दाता नहीं हो वह इस पेंशन का लाभ ले सकता है। इस अवसर पर बैंक सखी सुशीला देवी, प्रभा, पवित्रा, इंदूकंवर, संतोष कंवर, मीता कँवर, लक्ष्मी कंवर, अनु कंवर, चंदा, राकेश आदि उपस्थित थे।

## महावीर इंटरनेशनल द्वारा बेबी किट भेंट



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल के वीर सीए पंकज चाण्डक ने बताया कि मातृत्व एवं शिशु संरक्षण वात्सल्य कार्यक्रम के अंतर्गत नोखा वीर केंद्र द्वारा राजकीय बागड़ी जिला चिकित्सालय नोखा में प्रसूति विभाग की इंचार्ज प्रज्ञा बारूपाल एवं मौली कुट्टी को 200 बेबी किट भेंट किये गये। वीर मोहनलाल पारख ने कहा कि ये हाईजेनिक बेबी किट नवजात शिशुओं को सुरक्षा कवच के रुप में काम करते हैं। इस अवसर डॉ मधु प्रकाश तिवाड़ी ने बताया कि इस चिकित्सालय की मांग के अनुसार ये हाईजेनिक बेबी किट प्रति माह भेंट किये जाते हैं जो कि नवजात शिशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। महावीर इंटरनेशनल नोखा केन्द्र के स्वास्थ्य एवं शिवर प्रभारी भंवर लाल पींचा ने बताया कि अगस्त माह के ये बेबी किट सर्वोत्तम पाईप इण्डस्ट्रीज-अमृत धारा पाइप एवं फव्वारा सिस्टम, चरकड़ा - वीर जगदीश प्रसाद डागा परिवार,, नोखा के अर्थ सौजन्य से भेंट किये गये हैं। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल नोखा के चेयरमैन वीर सुरेन्द्र कुमार हीरावत, जगदीश प्रसाद डागा, शिखर चन्द पींचा, भंवर लाल छींपा, ईश्वरचंद दूगड़, कन्हैया लाल सुराणा, जितेन्द्र शर्मा, ललित सारस्वत, नर्सिंग मीरा व कविता पूनिया सहित प्रसूति विभाग के स्टाफ व कर्मचारी आदि उपस्थित थे। बागडी जिला चिकित्सालय के प्रसूति विभाग की इंचार्ज प्रज्ञा बारूपाल व मौली कुट्टी ने महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र द्वारा प्रति माह किये जाने वाले इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## गर्भवती महिलाओं के लिए रैफरल परिवहन तंत्र को और सुदृढ़ किया जाए : मुख्य सचिव

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने गर्भवती महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के लिए रेफरल परिवहन तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुरक्षित प्रसव एवं जननी एक्सप्रेस सेवाओं के प्रभावी संचालन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देशों सहित परिपत्र जारी करने को कहा। साथ ही निर्देश दिए कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए संभावित प्रसव तिथि से एक-दो दिन पूर्व ही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थान में रैफर किया जाए। मुख्य सचिव शनिवार को स्वास्थ्य भवन से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों, अस्पताल अधीक्षकों, संयुक्त निदेशकों, पीएमओ, आरसीएचओ एवं सीएमएचओ के साथ सुरक्षित मातृत्व सेवाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं में गंभीर एनीमिया (सीवियर एनीमिया) के मामलों में कमी आने तथा उन्हें माइल्ड एनीमिया श्रेणी में लाने के प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में मुख्य सचिव ने मातृ मृत्यु के विभिन्न कारणों की विस्तार से समीक्षा की।



उन्होंने भीलवाड़ा में हाल ही में हुई मातृ मृत्यु के मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा शाहपुरा सीएचसी के स्त्री रोग विशेषज्ञ और एएनएम से सीधे संवाद कर घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित चिकित्सकों से चर्चा कर उपचार व्यवस्था एवं प्रोटोकॉल की समीक्षा भी की। श्रीनिवास ने प्रसव सखी पहल के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की तथा इसके माध्यम से गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सहायता एवं सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया।

उन्होंने अलवर, भरतपुर एवं दौसा के सीएमएचओ तथा आरसीएचओ से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं की पहचान, उपचार तथा फील्ड स्तर पर एएनएम द्वारा एनीमिया एवं हाईपरटेंशन के लक्षणों की निगरानी की जानकारी ली। बैठक में स्त्री रोग विशेषज्ञों ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित चिकित्सकों को उपचार प्रबंधन एवं प्रोटोकॉल के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं में एनीमिया एवं हाईपरटेंशन के उपचार और प्रबंधन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी की जाए ताकि पूरे प्रदेश में एक समान उपचार प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ब्यावर, चित्तौड़गढ़, बारां, झालावाड़ एवं सलूम्बर जिलों में एनीमिया और हाईपरटेंशन की स्क्रीनिंग एवं उपचार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में सर्जिकल प्रोटोकॉल, औषधि उपलब्धता तथा 104 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। श्रीनिवास ने स्पष्ट कहा कि रक्त की उपलब्धता के अभाव में किसी भी गर्भवती महिला की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आवश्यकता वाले क्षेत्रों में विशेष रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही बीकानेर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर एवं कोटा मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों से हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के प्रसव प्रबंधन, आईसीयू सुविधाओं तथा उपचार प्रोटोकॉल की जानकारी ली। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बैठक में प्रसव सखी पहल, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं की एएनएम स्तर पर सूचीबद्धता, गंभीर एनीमिया को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा विभिन्न उपचार प्रोटोकॉल के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ जोगाराम, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त बाबूलाल गोयल, राजस्थान हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजीलाल अटल, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ टी. शुभमंगला, राजस्थान हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला स्तर से वीसी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, जिला प्रजनन एव शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह, लक्ष्मणगढ़ जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ अटल भास्कर, डीपीओ प्रकाश गहलोत, प्रदीप चाहर एवं एएनएम आशा सहयोगिनी ने भाग लिया।

## बीबीआईएस में रफी नाईट, गूंजे यादगार नगमे




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मेगाहाईवे स्थित बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल में यादगार रफी नाईट का आयोजन किया गया। बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल एवं संगीत साधना संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की स्मृति में उनके नगमों से उनको याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन सोनी रहे। जबकि एडवोकेट रजनीकांत सोनी अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। संस्था संचालक बुधाराम खिलेरी, जयपाल पाण्डर तथा मुकेश खिलेरी ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शहर के संगीत प्रेमियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस संगीतमयी संध्या का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में मोहम्मद रफी के सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। कलाकारों की मधुर आवाज एवं संगीतकारों की शानदार संगत ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र मास्टर अंकुश दूधारिया, देवांश सोमानी, लक्ष्मी प्रजापत, हिंदी शिक्षिका जयश्री शर्मा ने गानों की प्रस्तुतियां दीं। आमंत्रित कलाकारों शंकर, सांवरमल, ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव ने भी एक से बढ़कर एक सदाबहार गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रधानाचार्या चाँदकिरण शेखावत ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय प्रबंधन ने संगीत साधना संस्थान, सभी अतिथियों, कलाकारों, अभिभावकों एवं उपस्थित संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं तथा भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन मुकेश रावतानी, शंकर माहेश्वरी तथा प्रेम नेहरा ने किया। इस अवसर पर निरंजन सोनी, कमल तापड़िया, धर्मेन्द्र किलका, डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा, सुनीता रावतानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सनातन यात्रा पर निकली लायन्स क्लब टीम का किया स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** 45 दिवसीय सनातन यात्रा पर निकली लायंस क्लब पुणे की लायन डॉ मेघा शर्मा के सुजानगढ़ आगमन पर लायंस क्लब के पदाधिकारियों द्वारा गरिमामय स्वागत किया गया। उनके साथ इस यात्रा में लायन संजीव अग्रवाल एवं लायन सचिन शर्मा भी उपस्थित रहे, जिनका भी क्लब सदस्यों ने हार्दिक अभिनंदन किया।

इस अवसर पर दोनों क्लबों के मध्य डिस्ट्रिक्ट पिन एवं क्लब फ्लैग का आदान-प्रदान किया गया। यह आदान-प्रदान केवल एक औपचारिक परंपरा नहीं बल्कि लायनिज्म की वैश्विक एकता, सेवा, मित्रता एवं पारस्परिक सहयोग की भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ मेघा शर्मा ने अपनी सनातन यात्रा के अनुभव साझा करते हुए भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों एवं निस्वार्थ सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बीबीआईएस स्कूल एवं संगीत साधना परिवार द्वारा भी लायन डॉ मेघा शर्मा और उनकी पूरी टीम का सम्मान किया गया तथा समाज, संस्कृति और सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट को ऑर्डिनेटर विजन एमजेएफ लायन कमल तापड़िया, जोन चेयरपर्सन लायन प्रशांत पारीक, क्लब अध्यक्ष लायन रजनीकांत सोनी, सचिव लायन देवेंद्र बेदी, कोषाध्यक्ष लायन मुरली राठी, उपाध्यक्ष लायन अशोक जाजू, एमजेएफ लायन पवन सोनी, लायन देवकृष्ण मालपानी, लायन सुनीता रावतानी, लायन रेखा सोनी, लायन उषा तंवर एवं लायन सुनीता बेदी सहित अनेक लायन सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया तथा उनकी यात्रा की सफलता और मंगलमय पूर्णता की शुभकामनाएँ दीं।

## पारुल चौधरी विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान की होनहार बैडमिंटन खिलाड़ी एवं तीन बार के पैरालंपिक पदक विजेता, पद्म भूषण सम्मानित तथा भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया की भतीजी पारुल चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया है। भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया जूनियर नेशनल रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट, जो विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए चयन प्रतियोगिता भी था, के फाइनल मुकाबले में पारुल चौधरी ने तमिलनाडु की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दीक्षा एस. आर. को 20-18 और 15-




7 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ पारुल अब मिस्र में आयोजित होने वाली विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। साथ ही वे राजस्थान की पहली बेटी बन गई हैं, जिन्हें इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है। पारुल की इस सफलता पर परिवार, खेल जगत और पूरे राजस्थान में खुशी की लहर है। देवेंद्र झाझड़िया ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पारुल की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने यह मुकाम दिलाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि पारुल विश्व मंच पर भी भारत और राजस्थान का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर पारुल की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कोच मनीषा, राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष केके शर्मा, सभी प्रशिक्षकों एवं ओलंपिक गोल्ड क्यूस्ट की टीम का विशेष आभार व्यक्त किया गया। खेल प्रेमियों और प्रदेशवासियों ने पारुल चौधरी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शुभकामनाएँ देते हुए विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन की कामना की है।

## नगर निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नगर कांग्रेस कार्यालय में नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव की अध्यक्षता में नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुरू जिला अध्यक्ष सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल एवं विद्याधर बेनीवाल ने आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों, चुनावी रणनीति, बूथ प्रबंधन, संगठन विस्तार तथा जनसंपर्क



अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान संगठन को अधिक मजबूत बनाने, प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करने तथा आमजन से निरंतर संपर्क बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण हैं और सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा, समर्पण एवं एकजुटता के साथ कार्य करना होगा।

अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। बैठक में पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छिपा, गिरधारी मेहला, भागीरथ गुरु, पीरजी कुरैशी, किसान नेता पूनाराम गढ़वाल, करनीराम मारोठिया, नंदलाल छापोला, हनुमान मनिहारी, गोपाल गुर्जर, हनुमान माल रेगर, पन्नालाल मेघवाल, नानूराम प्रजापत, मास्टर कटार सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190